RADIANT ACADEMY
(AFFILIATED TO CBSE)
B-180, sector-55, noida Ph: 120-4314312/ 6514636
Mob. : 9350251631/ 9674710772 E-mail: radiantacademynoida@yahoo.com
RADIANT ACADEMY
(J.H.S.) (AFFILIATED TO CBSE)
Sorkha, Sector- 115, noida on Fng Ph: 120- 6495106,
Mob. : 9873314814/ 9674710772 E-mail: radiantacademysorkha@yahoo.com
Let your child Explore the world with us in a Secure Environment!
We are a Co-Educational Medium Senior Secondary School imparting quality education since the last 20 years.
FROM ADMISSION OPEN NURSERY TO CLASS XI Transport Facility Available
FACILITIES AVAILABLE AT SCHOOL : ●Highly Qualified And Trained Faculty well Quipped Labs ●CCTV Controlled Environment ●Activity Based Learning ● Well Equipped Library ●GPS Enable Buses

आज की खबर आज ही
जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी
# चेतना मंच




पेज 7 अनाउंस की इमरजेंसी की नई रिलीज डेट...

वर्ष : 26 | अंक : 35 | website:www.chetnamanch.com | नोएडा, बृहस्पतिवार, 25 जनवरी, 2024 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2.00 रुपया | पेज: 8

### भाजपा ने जारी की लोकसभा चुनाव-2024 की थीम

# 'सपने नहीं हकीकत बुनते हैं...'




**नई दिल्ली (एजेंसी)।**

भारतीय जनता पार्टी फुल चुनावी मूड़ में आ चुकी है। पीएम मोदी आज जहां बुलंदशहर से चुनावी आगाज कर चुके हैं। वहीं 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा ने चुनाव के लिए अपने अभियान के लिए थीम जारी की। इसकी शुरुआत में कहा गया- सपने नहीं हकीकत बुनते हैं, तभी तो सब मोदी को चुनते हैं। भाजपा ने इसकी लॉन्चिंग का एलान करते हुए कहा कि यह थीम उसे लोगों के बीच से ही मिली है और भाजपा ने जनता की इस भावना को अपनाया है।

भाजपा ने कहा कि यह थीम 'पीएम मोदी की गारंटी' जनअभियान के अनुरुप है। पीएम मोदी के नवमतदाता सम्मेलन के दौरान इससे जुड़ा वीडियो भी जारी किया गया है, जिसमें करोड़ों लोगों के सपनों और आकांक्षाओं को दर्शाया गया है।

बीजेपी ने इस 2.13 मिनट के गाने का वीडियो सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर किया है। इस वीडियो में पार्टी की ओर से राम मंदिर, उज्जवला, डीबीटी, हर घर नल से जल, प्रधानमंत्री आवास योजना सहित केंद्र सरकार की विदेश नीति सहित कई मुद्दों का जिक्र किया गया है।

## रामराज्य से प्रेरणा लेकर काम किया : केजरीवाल



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा पर खुशी जाहिर की है। उन्होंने कहा है कि अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा गर्व की बात है। हमने रामराज्य से प्रेरणा लेकर ही दिल्ली में सबके लिए काम किया है। सीएम केजरीवाल ने गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर छत्रसाल स्टेडियम में आयोजित दिल्ली सरकार के गणतंत्र दिवस समारोह में यह बात कही।

अरविंद केजरीवाल ने आगे कहा कि 22 जनवरी को अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की गई। यह पूरे विश्व के लिए बेहद गर्व और खुशी की बात है। लोगों ने चारों तरफ खूब उत्सव मनाया। हमें रामलला के संदेश को अपने जीवन में शामिल करने की जरूरत है। केजरीवाल ने जल्द ही बुजुर्गों को अयोध्या के दर्शन कराने की भी घोषणा की।

उन्होंने रामायण की कथा के प्रसंग का जिक्र करते हुए कहा कि अगले दिन सुबह भगवान राम का राज्य अभिषेक होने वाला था। अयोध्या में (शेष पृष्ठ-3 पर)

## ट्रक और ऑटो में टक्कर 12 श्रद्धालुओं की मौत



**शाहजहांपुर (एजेंसी)।** शाहजहांपुर के थाना मदनापुर के गांव दमगढ़ा से गंगा स्नान करने के लिए ढाई घाट जा रहे श्रद्धालुओं से भरे ऑटो को ट्रक ने टक्कर मार दी। भीषण सड़क हादसे में करीब 12 लोगों की मौत की सूचना है। हादसा बृहस्पतिवार सुबह करीब 11 बजे अल्हागंज के गांव सुगसुगी के पास बरेली-फर्रुखाबाद हाईवे पर हुआ है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस घटना पर दु:ख व्यक्त किया है और अधिकारियों को तुरंत मौके पर पहुंचने तथा घायलों को बेहतर उपचार उपलब्ध कराने के निर्देश दिये।

बताया जा रहा है कि ऑटो में 12 लोग ही सवार थे। हादसे में चालक समेत सभी मौत हो गई है। हादसे के बाद डीएम उमेश प्रताप सिंह, एसपी अशोक कुमार मीणा और जलालाबाद विधायक हरिप्रकाश वर्मा मौके पर पहुंच गए।

पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है। बताया जा रहा है कि कोहरे की वजह से हादसा हुआ है। पुलिस घटना की जांच कर रही है।

## स्कूल गई दो बहनें लापता

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** घर से स्कूल के लिए निकली दो बहनें संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। पीड़ित के पिता ने थाना बीटा-2 में मुकदमा दर्ज कराया है। वहीं अलग-अलग थाना क्षेत्र से एक किशोर व दो किशोरियां लापता हो गई।

थाना बीटा-2 क्षेत्र के बिरोंडा गांव में रहने वाले अमर (काल्पनिक नाम) ने बताया कि उनके 17 व 8 वर्षीय बेटी 23 जनवरी को घर से स्कूल के लिए निकली थीं। स्कूल की छुट्टी होने के बाद भी दोनों जब घर नहीं पहुंची तो परिजनों ने स्कूल जाकर पूछताछ की। स्कूल से पता चला कि दोनों ही स्कूल नहीं आई थी। इसके बाद उन्होंने आस-पड़ोस व रिश्तेदारियों में अपनी दोनों बेटियों की तलाश की लेकिन उनका कोई सुराग नहीं मिला।

थाना सेक्टर-113 में सर्फाबाद गांव निवासी राजेश गुप्ता (काल्पनिक नाम) ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसका (15 वर्षीय) बेटा तथा उसके साढ़ू की (18 वर्षीय) बेटी दोनों घर से बिना बताए कहीं चले गए। काफ़ी तलाश के बाद भी दोनों के बारे में कोई जानकारी नहीं मिली है।

वहीं थाना सूरजपुर में दर्ज कराई रिपोर्ट में सलीम (काल्पनिक नाम) ने बताया कि वह परिवार सहित पुराना सनी बाजार वाली गली में रह रहे हैं। बीते दिनों उसकी (15 वर्षीय) बहन को पड़ोस में रहने वाला नादिर बेग बहला-फुसला कर भगा ले गया। पुलिस का कहना है कि पीड़ितों की शिकायत पर अपहरण का मामला दर्ज कर लापता किशोर व किशोरी की तलाश की जा रही है।

## सिर पर ईंट मार कर किया घायल

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** गली में सीढ़ी व रैंप निकालने का विरोध करने पर युवक ने पड़ोसी के सिर पर ईंट से वार कर उसे घायल कर दिया। गंभीर रूप से घायल युवक को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आरोपी के खिलाफ थाना बादलपुर में मुकदमा दर्ज कराया गया है।

वेव सिटी कॉलोनी निवासी अजय त्यागी ने बताया कि उनके पड़ोस में रहने वाले कृष्णा ने गली में बाहर तक अपने मकान की सीढ़ी और रैंप निकाल दी। इस बात का जब उसके भाई ने विरोध किया तो कृष्णा गाली-गलौज पर उतारू हो गया। उसके भाई ने जब गाली गलौज का विरोध किया तो कृष्ण ने मारपीट करते हुए ईट से उसके भाई के (शेष पृष्ठ-3 पर)




प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की आज बुलंदशहर में हो रही रैली में शामिल होने के लिए गौतमबुद्धनगर से भी बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता बसों में भरकर गये हैं।

## कमरे में फांसी लगाकर युवक ने की आत्महत्या

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** थाना सूरजपुर क्षेत्र के कस्बे में रहने वाले एक युवक ने आज सुबह अपने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या के पीछे पारिवारिक कलह को कारण बताया जा रहा है।

मूल रूप से कन्नौज निवासी (25 वर्षीय) अजीत पटेल अपनी पत्नी और बच्चों के साथ सूरजपुर कस्बे में किराए पर रह रहा था। वह एक टॉवर कंपनी में कार्यरत था आज सुबह उसकी पत्नी किसी कार्य से बाजार गई थी कुछ देर बाद जब वह वापस लौटी तो उसे अजीत पटेल कमरे में फांसी के फंदे पर लटका हुआ मिला। पड़ोसियों की




मदद से अजीत पटेल को फंदे से उतारकर अस्पताल ले जाया गयाी। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर थाना सूरजपुर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया।

थाना प्रभारी ने बताया कि प्रारंभिक जांच में पता चला है कि पति-पत्नी के बीच पारिवारिक कलह रहती थी। संभवत: इसी कारण अजीत पटेल ने फांसी लगाकर आत्महत्या की है।

## फोन पर दी गोली मारने की धमकी

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** थाना दादरी में एक युवक ने एक व्यक्ति के खिलाफ फोन पर गाली गलौज तथा गोली मारने की धमकी देने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया है। पीड़ित का कहना है कि आरोपी उसे लगातार मैसेज कर रहा था उसने मैसेज करने से मना किया तो आरोपी अभद्र व्यवहार पर उतर आया। ग्राम कोट डेरिन निवासी अभय ने पुलिस से की शिकायत में बताया कि बीते 23 जनवरी की रात्रि को यश नागर नामक व्यक्ति ने (शेष पृष्ठ-3 पर)



## शराब के नशे में पड़ोसी पर चाकू से किया हमला

**नोएडा (चेतना मंच)।** कुलेसरा गांव में रहने वाले एक युवक ने शराब के नशे में पड़ोसी पर चाकू से हमला कर उसे घायल कर दिया। आरोपी के खिलाफ थाना ईकोटेक-3 में मुकदमा दर्ज कराया गया है।

मूल रूप से ग्राम अहरौली बुलंदशहर निवासी विष्णु कुमार अपने परिवार के साथ कुलेसरा गांव में लीले गुर्जर के मकान में किराए पर रह रहे हैं। विष्णु कुमार ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि बीते 20 जनवरी को उसके साथ ससुर और मामा ससुर वीरेंद्र कमरे में बैठे हुए थे। इस दौरान पड़ोस में रहने वाला दीपक उर्फ तालिब उनके कमरे पर आया और गाली गलौज शुरू कर दी। उन्होंने जब इस बात का विरोध किया तो दीपक उर्फ तालिब ने उनके मामा ससुर वीरेंद्र के गले पर चाकू मार दिया। इस दौरान उनकी सास कमल अपने भाई को बचाने के लिए आई तो आरोपी ने उनके साथ भी मारपीट कर उन्हें घायल कर दिया। शोर सुनकर आस पड़ोस के लोग मौके पर पहुंच गए इसके बाद दीपक उर्फ तालीब जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है और उसकी तलाश की जा रही है।

## ब्रेन हैमरेज से इंस्पेक्टर का निधन

**नोएडा (चेतना मंच)।** ब्रेन हैमरेज के बाद गंभीर स्थिति में नोएडा के जेपी अस्पताल में भर्ती कराए गए हाथरस के थाना चंदपा प्रभारी निरीक्षक की उपचार के दौरान मौत हो गई। निरीक्षक के निधन से महकमें मे शोक व्याप्त है।

हाथरस के थाना चंदपा के प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र सिंह को बीते 22 जनवरी को ब्रेन हैमरेज हुआ था। गंभीर स्थिति में उन्हें उपचार के लिए जेपी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उपचार के दौरान जितेंद्र सिंह का बीती रात निधन हो गया। थाना सेक्टर-126 पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है। जितेंद्र सिंह गोविंदपुरम गाजियाबाद के रहने वाले थे। उनके निधन की सूचना मिलने पर उनके सहयोगियों व महकमें में शोक व्याप्त है।

## गोलगप्पे विक्रेता का शव मिलने से सनसनी

**नोएडा (चेतना मंच)।** सलारलपुर गांव में किराए पर रह रहने वाले गोलगप्पे विक्रेता का शव उसके कमरे में पड़ा हुआ मिला। मौत के कारणों का पता लगाने के लिए पुलिस शव का पोस्टमार्टम करा रही है।

थाना प्रभारी अनुज सैनी ने बताया कि बीती शाम सलारपुर निवासी एक व्यक्ति ने सूचना दी कि उसके मकान में रहने वाले किराएदार प्रदीप मांझी का दरवाजा भीतर से बंद है। सूचना के आधार पर मौके पर पहुंची पुलिस दरवाजा तोड़कर अंदर दाखिल हुई तो प्रदीप मांझी मृत अवस्था में अपने बिस्तर पर पड़ा हुआ मिला। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक जांच में पता चला है कि प्रदीप मांझी गोलगप्पे बेचने का काम करता था और शराब पीने का आदी था। (शेष पृष्ठ-3 पर)

## अपना घर आश्रम में वृद्ध महिला की मौत

**नोएडा (चेतना मंच)।** थाना सेक्टर-24 क्षेत्र के अपना घर आश्रम में रहने वाली एक वृद्ध महिला की उपचार के दौरान मौत हो गई। थाना प्रभारी विवेक श्रीवास्तव ने बताया कि सेक्टर-34 स्थित अपना घर आश्रम में रहने वाली (95 वर्षीय) सफीला को आश्रम संचालक ने गंभीर स्थिति में उपचार के लिए सेक्टर-39 स्थित जिला अस्पताल में भर्ती कराया था। उपचार के दौरान सफीला की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि मृतका के परिजनों की जानकारी जुटाने का पुलिस प्रयास कर रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। वहीं थाना बिसरख क्षेत्र के एक अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराए गए (28 वर्षीय) रोहतास की मौत हो गई।

## नाली के पानी को लेकर मारपीट

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** नाली के पानी को लेकर हुए विवाद में दबंगों ने पड़ोसी के घर में घुसकर लाठी डंडों से मारपीट की। मारपीट की इस घटना में दो महिलाओं सहित तीन लोग घायल हो गए पीड़ित ने थाना रबूपुरा में महिला सहित छह लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। ग्राम आकलपुर निवासी विपिन कुमार ने बताया कि बीते दिनों उन्होंने नाली के पानी को लेकर अपने पड़ोसी से शिकायत की थी। इस बात से गुस्साए प्रताप व उसके परिजन सोनू, कलुआ, जमन, प्रांशु तथा कलुआ की पत्नी सुनीता ने उनके घर पर आकर गाली गलौज की। (शेष पृष्ठ-3 पर)

## लोहे की रॉड से वकील पर वार

**नोएडा (चेतना मंच)।** सेक्टर-99 की सोसाइटी में गार्ड के साथ मारपीट कर रहे युवकों ने टोकने पर अधिवक्ता के साथ मारपीट कर दी। सोसायटी वासियों को आता देखकर आरोपी अपनी बाइक को छोड़कर मौके से फरार हो गए। घटना के समय आरोपी शराब के नशे में धुत्त थे।

सेक्टर-99 स्थित सुप्रीम टावर में रहने वाले अधिवक्ता दीपक त्यागी ने थाना सेक्टर-39 में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि बीती रात्रि उन्हें घर के नीचे कुछ लोगों के झगड़ने की आवाज सुनाई दी। इसके बाद वह नीचे पहुंचे तो उन्हें सोसाइटी में कारों की सफाई करने वाला राहुल अपने दो साथियों के साथ गार्ड से मारपीट करता हुआ दिखाई दिया। उन्होंने जब राहुल को मारपीट करने से टोका तो उसने लोहे की रोड से उन पर वार कर दिया। इस दौरान दोनों युवक



राहुल को मारने के लिए उकसा रहे थे। दीपक त्यागी के मुताबिक राहुल व उसके साथी शराब के नशे में थे। सोसाइटीवासियों को आता देखकर तीनों आरोपी अपनी बाइक को मौके पर छोड़कर फरार हो गए। सोसायटी के एंट्री गेट पर जब पड़ताल की गई तो पता चला कि तीनों आरोपी बिना एंट्री किये सोसायटी में दाखिल हुए थे। थाना सेक्टर-39 प्रभारी ने बताया कि अधिवक्ता की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ मारपीट व धमकी देने के आरोप में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और उनकी तलाश की जा रही है।

## बुलंदशहर की भूमि से फिर बुलंदी पर पहुंचने का शंखनाद

### भाजपा मानती है लकी, 2014 में प.उप्र में जीती थी 14 सीटें



**बुलंदशहर (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज एक बार फिर वर्ष-2014 की तरह बुलंदशहर की धरती से बुलंदी पर पहुंचने का ऐलान कर दिया। अयोध्या में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा के दो दिन बाद आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश की भूमि से लोकसभा चुनाव-2024 के चुनावी अभियान का आगाज कर दिया। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर से आज पीएम मोदी ने कल्याण सिंह राजकीय मेडिकल कॉलेज, डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर के सेक्शन और अलीगढ़-कन्नौज हाईवे का लोकार्पण करने के साथ ही मेजर ध्यानचंद विश्वविद्यालय मेरठ का शिलान्यास भी किया। पीएम मोदी ने पश्चिमी यूपी को करीब 20 हजार करोड़ रुपये की परियोजनाओं की सौगात दी।

लोकसभा चुनाव 2024 के अभियान का शंखनाद करने के लिए प्रधानमंत्री मोदी (शेष पृष्ठ-3 पर)

**2014 में जीती थी 73 लोस. सीटें**

साल 2014 के लोकसभा चुनाव में यूपी की 80 में से 73 सीटों पर एनडीए को जीत मिली थी जिनमें 71 अकेले बीजेपी के पास थीं। 2019 में बीजेपी और एनडीए को यूपी में नौ सीट का नुकसान हुआ था। इसमें बड़ा हिस्सा पश्चिमी यूपी का था। बीजेपी ने 2014 में पश्चिमी यूपी की सभी 14 लोकसभा सीटें जीत ली थीं लेकिन 2019 में पार्टी सात सीटें ही जीत सकी थी। यानी यूपी में बीजेपी को नौ सीटों का नुकसान हुआ और इनमें से सात सीटें पश्चिमी यूपी की थीं।

## होटल में चल रहा था जुआ, 6 गिरफ्तार

**नोएडा (चेतना मंच)।**

सेक्टर-116 के एक होटल में जुआ खेल रहे छह जुआरियों को थाना सेक्टर-113 पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके पास से तांश की गाड़ी और दांव पर लगे 27 हजार रूपए बरामद किए हैं।

थाना प्रभारी सर्वेश कुमार ने बताया कि मुखबिर ने सूचना दी कि कुछ लोग सेक्टर-116 स्थित हार्दिक पैलेस होटल में एक कमरे में जुआ खेल रहे हैं। सूचना के आधार पर एक टीम गठित कर होटल में छापा मारा गया। होटल के रूम नंबर-306 में जुआ खेल रहे राम प्रताप यादव, दीपक अरोड़ा, विक्रांत शर्मा, राहुल गर्ग, कुमार अचितानंद व गोपाल यादव को मौके पर दबोच लिया गया। कमरे से एक तांश की गाड़ी व दांव पर लगे 17200 बरामद हुए। आरोपियों के पास से 9900 रुपए जामा तलाशी के दौरान बरामद हुए। पुलिस की छापेमारी को देखकर होटल का स्टाफ भी मौके से फरार हो गया।

थाना प्रभारी ने बताया कि पकड़े गए आरोपियों के खिलाफ जुआ अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया है।

# 'चेतना का विस्तार'

प्रधानमंत्री मोदी ने अयोध्या में श्रीराम की तुलनात्मक व्याख्याएं कीं कि राम आग नहीं, ऊर्जा हैं। राम विवाद नहीं, समाधान हैं। राम वर्तमान नहीं, अनंतकाल हैं। राम की प्राण-प्रतिष्ठा कालचक्र का नया उद्गम है। ऐसी कई तुलनाओं के बाद प्रधानमंत्री ने यह सवाल भी किया कि राम मंदिर तो बन गया, अब आगे क्या? उन्होंने जवाब-सा भी दिया कि राम से राष्ट्र तक चेतना का विस्तार करना है। 'चेतना का विस्तार' अत्यंत व्यापक और उपदेशी-सा कथन है। जो राम मंदिर को 'सांप्रदायिक' करार देते रहे हैं, वे आगे के अभियान मथुरा और काशी को ही मानेंगे। श्रीकृष्ण जन्मभूमि और ज्ञानवापी के विवाद अदालतों में हैं। उन्हें अदालतों के विचाराधीन ही रहने दिया जाए। अयोध्या विवाद पर सर्वोच्च अदालत के पांच न्यायाधीशों की पीठ ने जो ऐतिहासिक निर्णय दिया था, जिसकी बदौलत राम मंदिर में भगवान की प्राण-प्रतिष्ठा की जा सकी, अब वह निर्णय निचली अदालतों के लिए आधार-बिंदु हो सकता है। उपासना स्थलों की यथास्थिति को लेकर 1991 में संसद ने जो कानून बनाया था, उसकी व्याख्या प्राचीन पूजा-स्थलों के संदर्भ में सर्वोच्च अदालत ने फिलहाल छोड़ दी है। बहरहाल प्रधानमंत्री ने भविष्य के अभियान सिर्फ मथुरा और काशी ही तय नहीं किए हैं, बल्कि वह राम मंदिर सरीखे लक्ष्यों के साथ विकास, बुनियादी ढांचे, जन-कल्याण और प्रौद्योगिकी को लेकर भी आगे बढ़ना चाहते हैं। उन्हें अनुभव है कि सिर्फ राम मंदिर की चुनावी रणनीति ही पर्याप्त नहीं है, लिहाजा अयोध्या से दिल्ली लौट कर उन्होंने एक करोड़ घरों की छत पर सौर-ऊर्जा का सिस्टम स्थापित करने वाली योजना की घोषणा की। अयोध्या का तो कायाकल्प हो चुका है। जो योजनाएं शेष हैं, उन पर कार्य लगातार जारी है। अयोध्या में अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा और जंक्शन के रूप में नया, विकसित रेलवे स्टेशन, सड़कों और राजमार्गों का चौड़ीकरण और 50 से अधिक विश्वस्तरीय होटलों की निर्माण-प्रक्रिया नई अयोध्या के नूतन चेहरे हैं। करीब 50,000 करोड़ रुपए की योजनाएं निर्माणाधीन हैं। औद्योगिक संगठनों का आकलन है कि अयोध्या में बहुत जल्द ही एक लाख करोड़ रुपए का कारोबार होगा। प्रधानमंत्री के हालिया संबोधनों से यह भी स्पष्ट है कि इस बार आम चुनाव में उनका फोकस दक्षिण भारत पर भी रहेगा। वहां वह बेहतर प्रदर्शन करना चाहते हैं, लिहाजा राम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा के लिए 11 दिनों का जो कठिन अनुष्ठान किया था, उस दौरान प्रधानमंत्री आंध्रप्रदेश, तमिलनाडु, केरल के राम मंदिरों में गए। उनके विधि-विधान के अनुसार पूजा-पाठ किए और उनकी भाषाओं में 'रामायण' के पाठ भी सुने। इससे पहले प्रधानमंत्री ने दक्षिण भारत के राज्यों के लिए हजारों करोड़ रुपए की परियोजनाओं के शिलान्यास और उद्घाटन भी किए। दक्षिण भारत के इन राज्यों में भाजपा के चुनावी हासिल 'शून्य' रहे हैं। केरल, तमिलनाडु, आंध्र से भाजपा का एक भी सांसद चुनकर संसद तक नहीं जा पाया है। सवाल है कि राम मंदिर पर आधारित प्रधानमंत्री की रणनीति क्या और किस सीमा तक भाजपा को चुनावी लाभांश दिला सकती है? बेशक राम मंदिर 'मोदी की गारंटी' को सत्यापित करता है। हालांकि बुनियाद संविधान पीठ ने डाली, लेकिन प्रशासनिक और अन्य प्रबंध न किए जाते, तो अयोध्या का समारोह इतना विशाल और विविध न हो पाता। अयोध्या का समारोह भाजपा-संघ प्रायोजित ही था। अब यहां से एक नए किस्म का 'सांस्कृतिक राष्ट्रवाद' शुरू होगा।

## रामचरित मानस

**कल के अंक में आपने पढ़ा था कि और कैसे अत्यंत विचित्र यह सुंदर हरिकथा सुनता, जो आपने बहुत प्रकार से गाई है? वेद, शास्त्र और पुराणों का यही मत है, सिद्ध और मुनि भी यही कहते हैं, इसमें संदेह नहीं कि- ॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।**

**संत बिसुद्ध मिलहिं परि तेही। चितवहिं राम कृपा करि जेही॥**
**राम कृपाँ तव दरसन भयऊ। तव प्रसाद सब संसय गयऊ॥**

शुद्ध (सच्चे) संत उसी को मिलते हैं, जिसे श्री रामजी कृपा करके देखते हैं। श्री रामजी की कृपा से मुझे आपके दर्शन हुए और आपकी कृपा से मेरा संदेह चला गया॥

**दो०-सुनि बिहंगपति बानी सहित बिनय अनुराग।**
**पुलक गात लोचन सजल मन हरषेउ अति काग॥**

पक्षीराज गरुड़जी की विनय और प्रेमयुक्त वाणी सुनकर काकभुशुण्डिजी का शरीर पुलकित हो गया, उनके नेत्रों में जल भर आया और वे मन में अत्यंत हर्षित हुए॥

**श्रोता सुमति सुसील सुचि कथा रसिक हरि दास।**
**पाइ उमा अति गोप्यमपि सज्जन करहिं प्रकास॥**

हे उमा! सुंदर बुद्धि वाले सुशील, पवित्र कथा के प्रेमी और हरि के सेवक श्रोता को पाकर सज्जन अत्यंत गोपनीय (सबके सामने प्रकट न करने योग्य) रहस्य को भी प्रकट कर देते हैं॥

**बोलेउ काकभुसुंड बहोरी। नभग नाथ पर प्रीति न थोरी॥**
**सब बिधि नाथ पूज्य तुम्ह मेरे। कृपापात्र रघुनायक केरे॥**

काकभुशुण्डिजी ने फिर कहा- पक्षीराज पर उनका प्रेम कम न था (अर्थात बहुत था)- हे नाथ! आप सब प्रकार से मेरे पूज्य हैं और श्री रघुनाथजी के कृपापात्र हैं॥

**तुम्हहि न संसय मोह न माया। मो पर नाथ कीन्हि तुम्ह दाया॥**
**पठइ मोह मिस खगपति तोही। रघुपति दीन्हि बड़ाई मोही॥**

आपको न संदेह है और न मोह अथवा माया ही है। हे नाथ! आपने तो मुझ पर दया की है। हे पक्षीराज! मोह के बहाने श्री रघुनाथजी ने आपको यहाँ भेजकर मुझे बड़ाई दी है॥

क्रमशः

# बसपा में सीटिंग एमपी की जगह नये चेहरों की तलाश

बहुजन समाज पार्टी (बसपा) ने अकेले चुनाव लड़ने के फैसले के साथ ही सीटवार कसरत तेज कर दी है। बसपा का सबसे पहले उन 10 सीटों पर फोकस है, जिन पर उसने 2019 में जीत हासिल की थी। उसके वर्तमान सांसदों के दूसरे दलों के संपर्क में आने की खबरें आ रही हैं। इसे देखते हुए बसपा उनके विकल्प तलाश रही है। सूत्रों के अनुसार बसपा ज्यादातर सीटों पर प्रभारी तय कर चुकी है। सहारनपुर की सीट पर माजिद अली को काफी पहले प्रभारी घोषित किया जा चुका है, लेकिन उसके बाद यह काम रोक दिया गया था। मायावती ने अब प्रत्याशियों के चयन पर और अधिक काम करने के निर्देश दिए हैं। पूरी कसरत करने के बाद ही प्रत्याशियों का ऐलान किया जाएगा।

पार्टी उन खास सीटों पर भी काम कर रही है जहां 35 और 40 फीसदी से अधिक वोट हासिल किए थे। गौरतलब हो, बसपा ने 2019 का लोकसभा चुनाव सपा के साथ मिलकर लड़ा था। उसने 38 सीटों पर अपने प्रत्याशी उतारे थे। इनमें से जीती हुई सीटों के अलावा 10 और सीटें ऐसी थीं जिन पर उसे 40 फीसदी से अधिक वोट हासिल हुए। यहां बहुत कम वोटों के अंतर से हार मिली थीं। वहीं जीती हुई सीटों के अलावा 21 सीटें ऐसी थीं, जहां 35 फीसदी से ज्यादा वोट मिले थे। पार्टी ने ऐसी सीटें भी तलाशी हैं जहां दलित वोटर बहुसंख्यक हैं और यहां बसपा का प्रदर्शन अक्सर बेहतर रहता है। इनमें सहारनपुर, अम्बेडकर नगर, बिजनौर, नगीना, अमरोहा, आगरा जैसी कुछ सीटें हैं। पार्टी की कोशिश है कि ऐसे मजबूत सीटों पर बेहतर प्रत्याशी देकर वहां ठीक से प्रचार किया जाए। यहां पर बड़े नेताओं की अधिक से अधिक बैठकें और सभाएं की जाएं।



**बसपा भले ही इस बार अकेले ही चुनाव मैदान में उतर रही हो, लेकिन बसपा प्रमुख ने यह भी कहा है कि चुनाव बाद अपनी शर्तों पर सरकार में शामिल हो सकती हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए बसपा अपनी रणनीति तैयार कर रही है।**

खैर, बसपा भले ही इस बार अकेले ही चुनाव मैदान में उतर रही हो, लेकिन बसपा प्रमुख ने यह भी कहा है कि चुनाव बाद अपनी शर्तों पर सरकार में शामिल हो सकती हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए बसपा अपनी रणनीति तैयार कर रही है। कोशिश है मजबूत सीटों पर फोकस कर लिया जाए तो प्रदर्शन बेहतर हो सकता है। इनमें सबसे बड़ी चुनौती वह सिटिंग सीटें हैं, जहां वह पिछली बार जीती थी। यदि वह कुछ सीटें भी जीत लेती है तो यह चुनाव बाद उसकी योजना के लिए जरूरी है। यदि चुनाव नतीजे आने के बाद किसी भी दल को पूर्ण बहुमत नहीं मिलता है तो कुछ सीटों के दम पर वह उसके साथ जा सकती है, जिसकी सरकार बनने की उम्मीद हो। ऐसे में वह सरकार में शामिल हो सकती है।

-अजय कुमार

# बालिका सुरक्षा एवं अधिकारों की प्रासंगिकता

भारत 444 मिलियन बच्चों का घर है। मतलब हर चौथा व्यक्ति भारत में बच्चा है, जो 1 से 14 वर्ष आयु वर्ग में आता है। बच्चे ही देश का भविष्य तथा समाज का दर्पण होते हैं। उनके लिए सबसे बड़ा पोषण वातावरण होता है, जिसमें वे पलते हैं। उनको किसी भी हानि, शोषण और दुर्व्यवहार से बचाना चाहिए तथा उनके अधिकारों का आदर करना चाहिए। यही समाज और हर नागरिक का कर्त्तव्य है और स्वस्थ समाज और देश के उज्ज्वल भविष्य के प्रति सच्ची सेवा है। परंतु बालिकाओं को, वो आदर नहीं मिल रहा जो वराहमिहिर ने कहा था कि औरत भगवान ने एक रत्न बनाया है, उसको घर में खुशहाली की देवी के रूप में इज्जत देनी चाहिए। मनु ने भी औरतों को सम्मान देने को कहा। उन्होंने कहा कि किसी परिवार का खुशहाल होना औरत को सम्मान देने से सीधा संबंध रखता है। परंतु भारतीय समाज में इस समय औरतों की स्थिति इतनी आदरणीय नहीं है। उनको हर जगह असमानता का सामना करना पड़ रहा है। इसी को दृष्टिगत रखकर, भारत सरकार के महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने 2008 से राष्ट्रीय बालिका दिवस हर साल 24 जनवरी को एक नए थीम के साथ मनाने का फैसला लिया, ताकि बालिकाओं के अधिकारों तथा असमानता के बारे में बालिकाओं और नागरिकों को जागरूक किया जा सके तथा बालिकाओं की शिक्षा, स्वास्थ्य और पोषण को बढ़ावा मिले तथा उनके शोषण को रोका जा सके। उनके ऊपर लगी पाबंदियों से उन्हें वायु की तरह मुक्त करके पुरुषों के समान दर्जा दिया जा सके, ताकि वो अपना दिव्य रूप पहचान सकें और पितृसत्तात्मक, पूंजीवादी, उपभोक्तावादी सत्ता, जिसका बोझ औरत सदियों से सहन कर रही है, से टकराने की ओर बढ़े, क्योंकि पुरुष अभी भी उच्च सामाजिक स्थिति पाए हुए हैं और पारंपरिक सामाजिक अधिकार औरतों के लिए नहीं छोड़ना चाहते। भारत सरकार एवं राज्य सरकारों ने लड़कियों को आगे बढ़ाने तथा सामाजिक एवं आर्थिक सुरक्षा प्रदान करने के लिए बहुत से प्रोग्राम शुरू किए हैं जिनमें बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, सीबीएसई छात्रवृत्ति योजना, बालिका समृद्धि योजना, मुख्यमंत्री राजश्री योजना, मुख्यमंत्री लाड़ली लक्ष्मी योजना, माझी कन्या भाग्यश्री योजना, सिंगल गर्ल चाइल्ड स्कॉलरशिप योजना, पहली बेटी के होने पर 50000 रुपए की मदद, गर्भवती महिला को प्रसव पूरा होने के बाद 6400 रुपए, मुख्यमंत्री कन्या सुरक्षा योजना, मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना और कन्या सुमंगला योजना आदि शामिल हैं। इन योजनाओं से बालिकाओं के लिंगानुपात में सुधार, कानूनी अधिकार, शिक्षा, चिकित्सा देखभाल, शादी आदि में सहायता तथा अवसर प्रदान हुए हैं। इसके साथ बालिका लिंग सुधार के लिए अल्ट्रासाउंड केंद्रों में गर्भधारण के बाद लिंग की जांच को कानूनी अवैध, बाल विवाह अवैध तथा 14 वर्ष तक की आयु के बच्चों के लिए मुफ्त तथा जरूरी शिक्षा की सुविधा दी है। मेडिकल टर्मिनेशन ऑफ प्रेगनेंसी अधिनियम के सख्ती से लागू करने के बावजूद 0-6 वर्ष की बाल लिंगानुपात में सुधार नहीं हुआ। 1991 में देश मे 1000 बालकों पर 945 बलिकाएं थीं जो 2001 में 927 तथा 2011 में 918 हो गई। हरियाणा में स्थिति और खराब है। यहां रोहतक जिले के कुछ गांवों में यह दर 2023 में 800 से भी नीचे है। यह सब बेटे को पाने की लालसा के कारण है और यह मानसिकता अभी भी बहुत से देशवासियों की है। कई जगह तो लड़कों की शादी के लिए लड़कियां दूसरे राज्यों से तस्करी करके लाई जा रही हैं। सवाल है कि 'अगर बेटी जन्म न लेगी घर में, बहू कहां से लाओगे, बेटे से वंश चलाने की चाहत में बहू बिन वंश कैसे चलाओगे?' सरकार द्वारा बालिकाओं की सुरक्षा के लिए बहुत से कानून बनाए गए हैं। इसके बावजूद बालिकाएं विभिन्न अपराधों की शिकार हो रही हैं। इनमें से जो अपराध 18 वर्ष की आयु के नीचे वाले बच्चों से होता है, भारत में उसे बच्चों के विरुद्ध अपराध कहते हैं। ये अपराध हैं - हत्या, अपहरण, यौन शोषण, परित्याग करना, तस्करी, जन्म पूर्व लिंग निर्धारण, कन्या भ्रूण हत्या, बाल विवाह, जबरदस्ती विवाह, तेजाब हमला, दहेज उत्पीडन्, बाल प्रोनोग्राफी, बाल वेश्यावृत्ति के लिए जबरन अपहरण, जबरन विवाह, बाल श्रम, बाल भिक्षावृत्ति, अंगों के प्रत्यारोपण के लिए अपहरण, सम्मान के नाम पर किया अपराध, लज्जा भंग, सड़क पर यौन उत्पीडन्, स्कूलों में अध्यापकों द्वारा यौन उत्पीडन्, लिंग भेद आदि। बालिकाओं पर यौन शोषण के अभी हाल ही में कुछ मामले घटे हैं। उनको देखकर लगता है कि औरतों को अभी भी समाज आदर से नहीं देखता। हिमाचल में गगरेट (ऊना) में 11 दिसंबर को एक बालिका का अपहरण करने के बाद उसकी हत्या कर दी गई। मध्य प्रदेश में 30 दिसंबर को शहडोल जिले में सुनने और बोलने में अक्षम 17 वर्षीय लड़की के साथ 45 वर्षीय पड़ोसी ने दुष्कर्म किया। रोपड़ (पंजाब) में 15 वर्षीय दलित लड़की ने 31 दिसंबर 2023 को आत्महत्या कर ली क्योंकि उसके साथ दो लड़कों ने बलात्कार किया था। अंबाला में एक ट्यूशन अध्यापक को दिसंबर 2023 को अदालत द्वारा 14 वर्षीय बालिका के साथ दुष्कर्म व गर्भवती करने पर 20 साल की सजा सुनाई गई। कैथल तथा जींद में सरकारी स्कूल के प्रिंसिपलों को स्कूल की बालिकाओं के साथ यौन उत्पीडन् करने के मामले में हिरासत में लिया गया। अमृतसर में एक अध्यापक पर 5 जनवरी 2024 को तीन लड़कियों के यौन उत्पीडन् के मामले में केस दर्ज हुआ। सुंदरनगर (हिमाचल) में 6 वर्षीय बच्चे के साथ बलात्कार करने पर 45 वर्षीय पुरुष को 7 जनवरी 2023 को हिरासत में लिया गया। भारतीय जनता पार्टी के एक एमएलए रामदुलर (उत्तर प्रदेश) को 25 साल की सजा एक लड़की से बलात्कार पर दी गई। 10 नवंबर 2023 को पथनमिथट्टा (केरल) में एक 63 वर्षीय व्यक्ति को अपनी नाबालिग बेटी से बलात्कार करने का आरोपी पाए जाने पर अदालत ने 109 वर्ष की सजा सुनाई। पालघर (महाराष्ट्र) के नालासोपारा के एक व्यक्ति ने अपनी बेटी से बार-बार बलात्कार किया, फिर पीटने से उसकी मौत हो गई। पुणे में 50 वर्षीय एक व्यक्ति के विरुद्ध नाबालिग बेटी से बार-बार बलात्कार तथा गर्भवती करने पर केस दर्ज हुआ। ऐसे तो बहुत से मामले हो रहे हैं, परंतु इन चंद मामलों के ऊपर नजर डालें तो पता चलता है कि समाज में पिता-पुत्री, गुरु-शिष्य के रिश्तों की जो मर्यादा है उसको अमर्यादित पुरुषों ने तार-तार कर दिया है। बालिकाओं के प्रति अपराध को रोकने तथा उनके प्रति समाज की सोच को बदलने की सख्त जरूरत है।



-सत्यपाल वशिष्ठ
स्वतंत्र लेखक

## राशिफल

पौष शुक्ल- पौष पूर्णिमा (विक्रम संवत् 2080)

**मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**
मां का साथ होगा। भूमि भवन वाहन की खरीदारी होगी लेकिन गृह कलह भी हो सकती है।

**वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे, वो)**
पराक्रम रंग लाएगा रोजी रोजगार में तरक्की करेंगे। स्वास्थ्य थोडा मध्यम, प्रेम संतान माध्यम, व्यापार सही चलेगा।

**मिथुन- (का, की, कु, घ, ड, छ, के, हो, हा)**
धन का आवक बढ़ेगा। कुटुंबो में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य में सुधार होगा। प्रेम संतान बहुत अच्छा।

**कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)**
जिस चीज की जरूरत होगी उसकी उपलब्धता होगी। स्वास्थ्य अच्छा, प्रेम संतान थोड़ा अभी भी मध्यम चल रहा है।

**सिंह- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)**
मन बेचैन रहेगा। सर दर्द, नेत्र पीड़ा परेशान कर सकती है। स्वास्थ्य मध्यम, प्रेम संतान ठीक-ठाक, व्यापार भी ठीक है।

**कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)**
आय के नवीन स्रोत बनेंगे। पुराने स्रोत से भी पैसे आएंगे। स्वास्थ्य में सुधार होगा, प्रेम संतान अच्छा, व्यापार भी अच्छा।

**तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)**
राजनीतिक लाभ मिलेगा। कोर्ट कचहरी के मामले में विजय मिलेगा। पिता का साथ होगा। व्यापारिक स्थिति सुदृढ़ होगी।

**वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)**
परिस्थितियां प्रतिकूल हैं। थोड़ा बचकर पार करें। स्वास्थ्य मध्यम, प्रेम संतान बहुत अच्छा, व्यापार भी बहुत अच्छा।

**धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ठा, भे)**
सकारात्मक ऊर्जा का संचार होगा, समाज में सराहे जाएंगे, स्वास्थ्य में सुधार होगा, प्रेम संतान में सुधार हो चुका है।

**मकर- (भो, जा, जी, जू, जे, जो, खा, खी, खू, खे, गा, गी)**
शत्रुओं पर विजय मिलेगी। जीवनसाथी का सानिध्य मिलेगा। नौकरी चकरी की स्थिति अच्छी होगी। पारिवारिक स्ट्रक्चर सुधरेगा।

**कुम्भ- (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)**
शत्रु नुकसान पहुंचने की कोशिश करेंगे लेकिन स्वयं नतमस्तक होंगे और रुका हुआ आपका कार्य चल पड़ेगा स्वास्थ्य नरम-गरम, प्रेम संतान अच्छा, व्यापार अच्छा।

**मीन- (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)**
विद्यार्थियों के लिए अच्छा समय रहेगा। प्रेम में नोकझोंक हो सकता है। संतान पक्ष से थोड़ी सी नोकझोंक हो सकती है।

# महिलाओं ने कीर्तन कर माहौल को बनाया राम मय

**नोएडा ( चेतना मंच )।** राम जन्मभूमि अयोध्या में प्रभु श्रीराम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के उपलक्ष में आज सेक्टर-70 आरडब्ल्यूए के सौजन्य से भव्य कार्यक्रम का आयोजन हुआ।

सुबह हवन और दोपहर में कीर्तन एवं भंडारा का आयोजन किया गया। प्रभु श्री राम के इस कार्यक्रम के अवसर पर अध्यक्ष अमित चौहान, उपाध्यक्ष गौरव भाटी, नंबरदार उपाध्यक्ष अध्यक्ष ठाकुर बब्बन सिंह, महासचिव प्रमोद यादव, कोषाध्यक्ष कोच सतीश चंद्र, कंचन सह सचिव, मनोज शर्मा उप सचिव, संदीप गर्ग, प्रशांत त्यागी, अनिल शर्मा, मुन्नालाल एवं समस्त टीम ने संपूर्ण सहभागिता से कार्यक्रम को राममय बनाया। महिलाओं ने श्रीराम जी के कीर्तन में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और पूरे कार्यक्रम को राम मय बना दिया।



महिला टीम की सविता चौहान, नीलम चौहान, ममता, ज्योति नागर, सीमा, सुभद्रा, रेनू, आशा, राजकुमारी, अलका गीता, पुष्पा, पूजा, संगीता, गौरव भाटी परिवार (परिवार सहित) निर्मला, संगीता चौधरी, टीना चौहान, प्रीति मधु चौहान आदि सभी महिलाओं ने धूमधाम से राम लला को भोग लगाया। अध्यक्ष अमित चौहान ने बताया कि शाम को 1100 दिए जलाये गए। समस्त सेक्टरवासियों ने सपरिवार प्रभु श्री राम के कार्यक्रम में सहभागिता की।

# अयोध्या की झलक देखने को मिली नोएडा के श्री श्री महिषासुर मर्दिनी दुर्गा मंदिर में

**नोएडा ( चेतना मंच )।** भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा के साथ ही मोदी के आह्वान पर देश-विदेश के सभी मंदिरों में श्रीराम का नाम गूँज उठा । साथ ही पूरा देश रामलाल के जयकारों से गूंज उठा।

इस अवसर पर नोएडा के सेक्टर 8 का प्राचीन श्री श्री महिषासुर मर्दिनी दुर्गा मंदिर में विशेष भक्ति का माहौल दिखा, मंदिर के अध्यक्ष भोला सिंह ने बताया कि पिछले 15 दिनों से हम सभी इस दिन की तैयारी में जुटे थे। जिसमें हमारे साथ सैकड़ों की संख्या में सेक्टर- 8 के लोग सम्मिलित हुए मंदिर में 1100 दीप प्रज्वलित किए गए । साथ ही सुंदर काण्ड एवं महाआरती का आयोजन



भी किया गया प्रसाद का वितरण किया गया। इस इस अवसर पर अतुल राय, कुबेर तिवारी, किशन कुमार, मोनू तिवारी, नितेश झा, आलोक झा, शंभू झा, सौरभ झा, नंदन सिंह, विनोद राय, नीलेश कुमार, रंजन सिंह, शंभू कुमार, मनोज कुमार, डॉ. दास, गणेश मंडल, प्रदीप कुमार,बीरेन्द्र जी, गीता राम, गोरख नाथ, शंकर सिंह, धर्म पाल, शिवम लाला, प्रदीप लाला, दिलीप कुमार, साथ ही राधे, रवि, गणेश कुमार सहित बहुत से युवा कार्यकर्ता शामिल रहे ।

# भाकियू ने किया आवासीय स्कीम के विरोध का ऐलान



**नोएडा ( चेतना मंच )।** राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अशोक चौहान ने बताया कि भारतीय किसान यूनियन मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुधीर चौहान के नेतृत्व में नोएडा प्राधिकरण सेक्टर-6 कार्यालय पर विरोध प्रदर्शन किया गया और नोएडा प्राधिकरण के ओएसडी देवेंद्र प्रताप को नोएडा प्राधिकरण के सीईओ लोकेश एम के नाम का ज्ञापन सौंपा गया।

भारतीय किसान यूनियन मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुधीर चौहान व राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अशोक चौहान ने बताया कि नोएडा प्राधिकरण ने विभिन्न सेक्टरों में आवासीय प्लॉट की स्कीम निकली है जिसमें 25 जनवरी से 14 फरवरी तक आवेदन किया जा सकते हैं। यह स्कीम किसानों के साथ धोखा है एक तरफ तो नोएडा प्राधिकरण सुप्रीम कोर्ट में शपथ पत्र देता है कि नोएडा प्राधिकरण के पास किसानों को भूमि देने के लिए नहीं है और दूसरी तरफ आए दिन कभी ग्रुप हाउसिंग औद्योगिक संस्थागत और अब आवासीय स्कीम निकाल रहा है लेकिन किसानों को देने के लिए नोएडा प्राधिकरण के पास कुछ भी नहीं होता है। नोएडा प्राधिकरण के अधिकारी किसानों से झूठ बोलते हैं। अब नोएडा के 81 गांव के किसान अपना शोषण नहीं होने देंगे। हम इस स्कीम का पुरजोर विरोध करते हैं जब तक किसानों के 5 प्रतिशत और 10 प्रतिशत एवं कोटा स्कीम के प्लॉट सभी किसानों को नहीं मिल जाते हैं तब तक किसी भी स्कीम का नया अलॉटमेंट नहीं होने देंगे।

भारतीय किसान यूनियन मंच की यूथ विंग के राष्ट्रीय अध्यक्ष आशीष चौहान ने धरने को संबोधित करते हुए कहा कि 31 जनवरी तक किसानों की सभी समस्याओं का समाधान नोएडा प्राधिकरण और जनप्रतिनिधि करा दें अन्यथा 31 जनवरी के बाद नोएडा प्राधिकरण पर किसान तालाबंदी करेंगे।

इस अवसर पर महिला राष्ट्रीय अध्यक्ष उषा शर्मा, सुरेंद्र प्रधान, चरण सिंह प्रधान, मीडिया प्रभारी अशोक चौहान, गौतम लोहिया ,दानिश सैफी, रोहतास चौहान, रिंकू यादव, विमल त्यागी ,देवेंद्र टाइगर, तेज सिंह चौहान, गजेंद्र बसोया, सोनू लोहिया, योगी राहुल पवार, सत्येंद्र गुर्जर, रोहित शर्मा, कुलदीप चौहान, तरुण भाटी, सोनू चपराना, अनिल चौहान प्रिंस भाटी आदि सैकड़ो किसान मौजूद रहे।

# श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा दिवस पर रनिंग कर्मियों ने किया रक्तदान

**प्रयागराज ( ब्यूरो )।** श्री राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा दिवस पर हर्षोल्लास की अनुभूति के साथ प्रयागराज लॉबी के 51 कर्मठ रनिंग कर्मचारियों ने इलाहाबाद मेडिकल एसोसिएशन में सामूहिक हित में रक्तदान किया। रनिंग कर्मियों ने संरक्षित संचालन में अपनी-अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने का संकल्प लिया!

ज्ञातव्य है पूर्व में रक्तदान जागरूकता शिविर एवं संरक्षा संगोष्ठी में 51 कर्मियों ने रक्तदान हेतु संकल्प लिया था, विगत 5 वर्षों से निरंतर रनिंग कर्मियों की ओर से रक्तदान का कार्यक्रम आयोजित किया जाता रहा है जिस क्रम में अभी तक लगभग 500 रनिंग कर्मियों ने कोरोना काल एवं डेंगु के समय रक्तदान कर चुके है। इलाहाबाद मेडिकल एसोसिएशन की ओर ब्लड बैंक में जमा यह खून, डेंगु के समय प्लेटलेट्स, प्लाज्मा या किसी आकस्मिक दुर्घटना आदि के समय रनिंग परिवार और उनके परिवारजनो को चिकित्सीय परामर्श के तहत खून की आवश्यकता होती हैं, तो सहज रूप से उपलब्ध कराया जाता है।



रनिंग कर्मियों द्वारा प्रयागराज लॉबी में भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें प्रसिद्ध जादूगर श्री ए एन शुक्ला ने अपनी कला का प्रदर्शन किया और सभी रक्तदाताओं को मिष्ठान वितरण कर सम्मानित किया गया आज के कार्यक्रम के प्रति उत्साह दिखाते हुये सभी कोटि के कर्मचरियों ने आनन्द का पल साझा किया।

संगोष्ठी के संचालक एवं रक्तदान शिविर के प्रेरणास्रोत मुख्य क्रू नियंत्रक (परि.) वासुदेव पाण्डेय रहे एवं आर के बघेल, प्रशांत गुप्ता, आदिल अन्वर, विनय तिवारी, नितिन कुमार, अंकित कुमार, ए के बिन्द, रमेश कुमार तृतीय, मुकेश कुमार मौर्य, दीपक सिंह, गौरव चन्द्र, अनुज शुक्ला, विवेक केशरवानी,आशीष राय, चन्दन कुमार, धीरेन्द्र तिवारी, कंचन बनर्जी, उत्कर्ष सिंह, रोहित कुमार शर्मा, शुभम शुक्ला, संजीव प्रजापति, शशांक पांडे चन्द्रिका मौर्य, प्रवीण, श्रीमती सरिता, अंकित कुमार उपाध्याय, दिनेश कुमार यादव, एस एस गुप्ता, दीपक केशरवानी, बी के मिश्रा, आर एन त्रिपाठी, गौरव यादव, सुमंत कुमार, यू के मौर्य, प्रदीप पाल, मनीष त्रिपाठी, रजत शर्मा, अमित सिंह, मोहम्मद आदिल, रमेश कुमार, सतीश कुमार यादव, बुद्धदेव, गौरव मिश्रा, विपिन तिवारी, मनिह प्रसाद, राकेश कुमार सिंह, शोभित गुप्ता कृष्णानन्द।

# जोगिंदर सिंह लाकरा ने ग्रहण किया अपर महाप्रबंधक का कार्यभार

**प्रयागराज ( ब्यूरो )।** उत्तर मध्य रेलवे के अपर महाप्रबंधक का पदभार जोगिंदर सिंह लाकरा ने ग्रहण कर लिया है। ज्ञात हो कि यह पद निवर्तमान अपर महाप्रबंधक सीपी गुप्ता के रेलवे बोर्ड स्थानांतरण के उपरांत रिक्त हुआ था। जोगिंदर सिंह लाकरा 1989 बैच के आईआरएसई अधिकारी हैं। उन्होंने एनआईटी-कुरुक्षेत्र से बी.टेक और आईआईटी-रुड़की से एम.टेक किया। उन्होंने मार्केटिंग मैनेजमेंट में एम.बी.ए. भी किया है।



श्री लाकरा ने अपनी रेल सेवा के दौरान विभिन्न क्षमताओं में दिल्ली मंडल, फिरोजपुर मंडल, लामडिंग मंडल, उत्तर रेलवे, पश्चिम मध्य रेलवे, रेल मंत्रालय, दिल्ली मेट्रो, पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे, उत्तर पूर्वी रेलवे सहित विभिन्न मंडलों और जोनल रेलों में कार्य किया है।

रेल मंत्रालय में काम करते समय, विभिन्न रणनीतिक निर्णय और नीतिगत पहलों को लागू करने में नेतृत्व किया। इनमें परियोजना निष्पादन के लिए भूमि के शीघ्र अधिग्रहण के लिए रेलवे अधिनियम-2008 का अधिनियमन / संशोधन शामिल, जिसमें डीएफसीसीआईएल के लिए शीघ्र भूमि अधिग्रहण भी शामिल था।

श्री लाकरा को उत्तर रेलवे में जम्मू-कश्मीर के निर्माण क्षेत्र, पुल लाइन, सुरंगों और महत्वपूर्ण पुलों, पश्चिम मध्य रेलवे में मध्य प्रदेश में नई लाइन / दोहरीकरण परियोजना में कार्य करने का व्यापक अनुभव है। उनके पास ट्रैक, पुलों, सुरंगों, पुलों के परिसंपत्ति प्रबंधन का भी वृहत अनुभव है साथ ही दिल्ली मेट्रो में मुंडका-बहादुरगढ़ कॉरिडोर के परियोजना प्रमुख के रूप में मेट्रो निर्माण का गहरा अनुभव है।

# सिविल लाइन्स साइड से प्रयागराज जंक्शन पर प्रवेश निषेध

**प्रयागराज ( ब्यूरो )।** पौष पूर्णिमा के पर्व पर 25.01.24 (आज) प्रयागराज जंक्शन पर सिविल लाइंस की ओर से प्रवेश निषेध रहेगा। इस दौरान सिटी साइड की ओर से आगमन और सिविल लाइंस साइड की ओर से निकास की व्यवस्था लागू रहेगी। मेले में आने वाले श्रद्धालओं को सूचित किया जाता है कि मेले के दौरान प्रमुख स्नान पर्वों पर जिन यात्रियों को पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन की ओर जैसे मेजा रोड, मांडा रोड, विंध्याचल,मिर्जापुर ,चुनार, आदि स्टेशनों की ओर यात्रा करनी हो वे यात्री, नैनी, प्रयागराज जंक्शन अथवा छिवकी स्टेशन से, जिन यात्रियों को कानपुर की ओर जैसे भरवारी, सिराथू ,खागा, फतेहपुर, एवं कानपुर आदि स्टेशनों की ओर यात्रा करनी हो वे यात्री प्रयागराज जंक्शन से, जिन यात्रियों को मानिकपुर की ओर जैसे शंकरगढ़, डभौरा, मानिकपुर, जैतवार, सतना, वीरांगना लक्ष्मीबाई, रेलवे स्टेशन झांसी आदि स्टेशनों की ओर यात्रा करनी हो वे यात्री नैनी अथवा छिवकी स्टेशन से, जिन यात्रियों को लखनऊ की ओर जैसे अमेठी, प्रतापगढ़, ऊंचाहार, रायबरेली, लखनऊ, बरेली, आदि स्टेशनों की ओर यात्रा करनी हो वे यात्री प्रयाग अथवा फाफामऊ स्टेशन से, जिन यात्रियों को अयोध्या की ओर जैसे फैजाबाद, अयोध्या, जौनपुर, आदि स्टेशनों की ओर यात्रा करनी हो वे यात्री प्रयाग अथवा फाफामऊ स्टेशन से, जिन यात्रियों को वाराणसी की ओर जैसे रामनाथपुर, माधव सिंह, भदोही, ज्ञानपुर रोड, मंडुआडीह (बनारस ), वाराणसी कैंट , भटनी, गोरखपुर, आदि स्टेशनों की यात्रा करनी हो वह यात्री रामबाढ़ अथवा झूसी स्टेशन से मेला स्पेशल ट्रेनों के द्वारा अपने गंतव्य स्थल की ओर प्रस्थान कर सकते हैं ।

# कार से लैपटॉप, मोबाइल व ईसीएम चोरी

**नोएडा ( चेतना मंच )।** चोरों ने अलग-अलग स्थानों पर चोरी की चार वारदातों को अंजाम दिया। चोर कार से लैपटॉप, मोबाइल फोन, एक कार का ईसीएम चोरी कर ले गए।

थाना सेक्टर-20 में दर्ज कराई रिपोर्ट में क्षितिज पुजारी ने बताया कि उन्होंने अपनी कार सेक्टर-30 डी ब्लॉक में खड़ी की थी। इसके बाद वह अपने दोस्त से मिलने के लिए चले गए। कुछ समय बाद जब वापस लौटे तो उन्हें ड्राइवर साइड का शीशा टूटा हुआ तथा कार में रखा लैपटॉप गायब मिला। इसके अलावा चोरों ने उसकी कार से दो मोबाइल फोन भी चोरी कर लिए थे।

अशोक नगर दिल्ली निवासी सौम्या जायसवाल ने थाना सेक्टर-20 में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि सेक्टर-15 की मार्केट में अज्ञात व्यक्ति ने उसका मोबाइल फोन जैकेट से निकाल लिया। वहीं थाना बीटा-2 में सेक्टर जीटा-1 निवासी भागीरथ सिंह ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसकी कार से चोरों ने ईसीएस चोरी कर लिया। पीड़ितों की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और जांच पड़ताल कर रही है।

# मेट्रो स्टेशन से बैग चोरी कर क्रेडिट कार्ड से निकाले रुपये

**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा सिटी सेंटर मेट्रो स्टेशन पर चोरों ने एक व्यक्ति का बैग चोरी कर लिया। चोरों ने बैग में रखे क्रेडिट कार्ड की मदद से 330000 रूपये निकाल लिए। पीड़ित ने अज्ञात चोर के खिलाफ थाना सेक्टर-39 में मुकदमा दर्ज कराया है। रेवाड़ी हरियाणा निवासी दीपांशु ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि वह 11 जनवरी को सेक्टर-52 मेट्रो स्टेशन से मेट्रो पकड़कर अक्षरधाम जा रहा था। नोएडा सिटी सेंटर मेट्रो स्टेशन पर इसका एक छोटा बैग किसी अज्ञात चोर ने चोरी कर लिया। बैग में दो मोबाइल फोन, पर्स, घड़ी रखे हुए थे। दीपांशु के मुताबिक उसके पर्स में रखे आइसीआइसीआइ बैंक तथा एचडीएफसी बैंक के एटीएम कार्ड से चोरों ने तीन लाख 30000 रूपये निकाल लिए। बैंक से मैसेज आने पर उसे पैसे निकालने की जानकारी हुई।

## निर्माणाधीन साइट पर गार्ड करा रहा था चोरी

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** सिक्योरिटी गार्ड की मदद से निर्माणाधीन कंपनी में चोरी कर रहे कबाड़ी व उसके साथी को थाना कासना पुलिस ने रंगे हाथों दबोच लिया। पुलिस ने चोरी के लोहे के सामान से भरे महिंद्रा पिकअप को जप्त कर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। थाना प्रभारी विद्युत अग्रवाल ने बताया कि पुलिस गश्त पर थी। इस दौरान मुखबिर से सूचना मिली की सेक्टर ईकोटेक-10 में एक निर्माण अधीन फैक्ट्री में गार्ड की मदद से चोरी की घटना को अंजाम दिया जा रहा है। मौके पर पहुंची पुलिस को दो युवक गार्ड की मदद से महिंद्रा पिकअप गाड़ी में लोहे का सामान भरते हुए दिखाई दिए। पुलिस ने जब उनसे पूछताछ की तो वह कोई संतोषजनक उत्तर नहीं दे पाए। सख्ती से पूछताछ करने पर उन्होंने बताया कि वह निर्माण अधीन फैक्ट्री से लोहे का सामान चोरी कर ले जा रहे हैं। थाना प्रभारी ने बताया कि मौके से फैक्ट्री के गार्ड रोहित तथा कबाड़ी इस्तखार व उसके साथी मोहित को गिरफ्तार कर लिया गया है।

## संबंध विच्छेद

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं गिरधारी पुत्र जसमत निवासी-ग्राम व कस्बा फलैदा बांगर, थाना रबुपुरा, जिला-गौतमबुद्धनगर (उत्तर प्रदेश) मेरी पुत्री सविता मेरे कहने में नहीं चलती है और मेरे साथ अभद्र भाषा का प्रयोग व अमानविय व्यवहार करती है। मेरी पुत्री ने अपनी मर्जी से अमित पुत्र ओमकुमार निवासी- फतेहपुर ,जिला-बुलंदशहर, से शादी कर ली हैं, जो हमारे समाज में मान्य नहीं है। अमित एक अपराधी किस्म का व्यक्ति है। वह लूट, मारपिटाई के मुकदमे में जेल भी जा चुका है। मैंने अपनी पुत्री को समझाने का काफी प्रयास किया लेकिन सविता के व्यवहार में कोई परिवर्तन नहीं हुआ। सविता हमारे परिजनों को षड्यंत्र के तहत फंसाने, के लिए सोशल मीडिया पर वीडियो बनाकर वायरल कर रही है। सविता के इन्हीं कृतियों से दुखी होकर सविता से संबंध-विच्छेद कर अपने समस्त चल -चल संपत्ति से बेदखल कर रहा हूं। भविष्य में सविता के किसी भी कृत्य के लिए वह खुद जिम्मेदार होगी।

## पृष्ठ एक के शेष....

**रामराज्य से प्रेरणा...**
तैयारी पूरी थी, अयोध्या वाले खुश थे कि भगवान राम अयोध्या के राजा बनेंगे। अचानक शाम को भगवान राम के पास संदेश आता है कि दशरथ आपको बुला रहे हैं। रामलला कमरे में देखते हैं कि दशरथ बहुत दुखी हैं। कथा का वर्णन जारी रखते हुए मुख्यमंत्री ने कहा, 'कैकयी ने दो शर्त रखीं, पहली की भगवान राम को 14 वर्ष के लिए वनवास जाना होगा और दूसरा कि भरत को राजा बनाया जाएगा। भगवान राम ने दशरथ से कहा कि आपके वचन का पालन होगा। बिना किसी दु:ख के चेहरे पर मुस्कान लिए भगवान राम ने 14 साल के वनवास के लिए विदा ली। इससे शिक्षा मिलती है कि हमें त्याग करने से पीछे नहीं हटना चाहिए।'
उन्होंने आगे कहा कि भरत और राम राजपाठ के लिए नहीं लड़े। लेकिन आज के जमाने में दो भाई राम का नाम जपते हैं और जमीन के लिए लड़ते हैं। सीएम ने यह भी कहा कि भगवान राम ने कभी जाति के नाम पर भेदभाव नहीं किया।

**बुलंदशहर की भूमि...**
ने एक बार फिर पश्चिमी उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर को चुना। बुलंदशहर राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली से करीब है। यूपी में लोकसभा की 80 सीटें हैं और बीजेपी ने इस बार यूपी की सभी 80 सीटें जीतने का लक्ष्य रखा है। ऐसे में पीएम मोदी का प्रचार अभियान का आगाज करने के लिए उत्तर प्रदेश का चयन समझ आता है।

आपको बता दें कि बुलंदशहर राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के करीब है और यहां से निकला संदेश पश्चिमी यूपी के साथ ही केंद्र शासित प्रदेश दिल्ली और हरियाणा तक जाता है। पश्चिमी यूपी में लोकसभा की 14 सीटें हैं। दिल्ली में सात और हरियाणा में दस। यानि पीएम मोदी की इस रैली के जरिए बीजेपी की रणनीति 31 लोकसभा सीटें साधने की है और इसके लिए बुलंदशहर मुफीद है. दूसरी वजह ये भी है कि बीजेपी अपने लिए बुलंदशहर को लकी मानती है। बीजेपी ने 2014 के लोकसभा चुनाव के लिए गुजरात के तत्कालीन मुख्यमंत्री नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार घोषित किया था।

जब चुनाव प्रचार के आगाज की बारी आई, नरेंद्र मोदी ने जम्मू कश्मीर में माता वैष्णो देवी के दर्शन के बाद बुलंदशहर में रैली कर अभियान का आगाज किया था। बीजेपी के नेतृत्व वाले गठबंधन ने न सिर्फ पूर्ण जनादेश के साथ सरकार बनाई, बल्कि बीजेपी ने अकेले दम पूर्ण बहुमत के लिए जरूरी जादुई आंकड़ा पार किया। 2019 के चुनाव में बीजेपी की सीटें भी बढ़ीं, सरकार भी बनीं लेकिन उसे यूपी में सीटों का नुकसान उठाना पड़ा।

**सिर में ईंट मारकर...**
सिर पर प्रहार कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया।

थाना प्रभारी ने बताया कि पूर्व में इस मामले में एनसीआर लिखी गई थी। मेडिकल सप्लीमेंट्री रिपोर्ट के बाद आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और धाराओं में बढ़ोतरी की गई है।

**नाली के पानी ...**
इस बात का जब उन्होंने विरोध किया तो आरोपियों ने लाठी डंडों से मारपीट की। इस दौरान आरोपियों ने उनके घर पर पथराव किया जिसमें अंजलि, सुनीता व राजकुमार को चोटें आई।

थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है।

**गोलगप्पे विक्रेता...**
प्रदीप मांझी के परिजनों के बारे में अभी कोई जानकारी नहीं मिल पाई है। पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि प्रदीप मांझी कहां का रहने वाला था। परिजनों का पता लगाने के लिए उसके मोबाइल की कॉल डिटेल खंगाली जा रही है।

**फोन पर दी...**
उसके मोबाइल फोन पर लगातार मैसेज भेजना शुरू कर दिए। उसने जब उसे मैसेज भेजने से इनकार किया तो यश नागर ने उसके मोबाइल नंबर पर व्हाट्सएप कॉल कर उसके साथ गाली गलौज की। यश नागर ने उसे धमकी दी कि वह उसे जिम जाते समय गोली मारकर मौत के घाट उतार देगा। इस बात का विरोध करने पर यश नागर ने घर में आकर धमकी दी। पीड़ित के मुताबिक यश नागर उसे लगातार फोन में मैसेज कर जान से मारने की धमकियां दे रहा है।

थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच पड़ताल की जा रही है।

# इफको फूलपुर पहुंचने पर डा. उदय शंकर अवस्थी का भव्य स्वागत

**प्रयागराज ( चेतना मंच )।** इफको के प्रबंध निदेशक डॉ उदय शंकर अवस्थी व उनकी धर्म पत्नी रेखा अवस्थी के इफको फूलपुर इकाई पहुँचने पर उनका भव्य स्वागत किया गया। इफको अतिथि गृह पर सुरक्षा गार्डों द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। प्रबंध निदेशक डॉ उदय शंकर अवस्थी का स्वागत वरिष्ठ कार्यकारी निदेशक (इकाई प्रमुख) संजय कुदेशिया एवं रेखा अवस्थी का स्वागत विनीता कुदेशिया ने किया। इसके अतिरिक्त प्रबंध निदेशक इफको इम्पलाइज यूनियन एवं इफको ऑफिसर्स एसोसिएशन के कार्यालय में भी गये जहाँ उनका स्वागत यूनियन तथा एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने किया। इस दौरान महाप्रबंधक संजय वैश्य व एम.डी.मिश्र, संयुक्त महाप्रबंधक क्रमशः अनिता मिश्रा, ए.पी. राजेन्द्रन, पी.के.सिंह, संजय भंडारी, पी.के.पटेल, रत्नेश कुमार, अरवेन्द्र कुमार एवं एस.के.सिंह,विभागाध्यक्ष मानव संसाधन शम्भू शेखर, इफको ऑफिसर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अनुराग तिवारी व महामंत्री स्वयं प्रकाश, इफको इम्पलाइज यूनियन के अध्यक्ष पंकज पाण्डेय व महामंत्री विनय यादव, जनसम्पर्क अधिकारी सोनू तिवारी व अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।



# दरबाजा खटखटाने पर पड़ोसी युवकों ने धुन डाला

**नोएडा ( चेतना मंच )।** देर रात ड्यूटी से वापस घर लौटे व्यक्ति को अपने घर का दरवाजा खटखटाना खासा महंगा पड़ा। दरवाजा खटखटाने से गुस्साए पड़ोसी युवकों ने सैमसंग कंपनी के कर्मचारी के साथ मारपीट कर उसे घायल कर दिया। पीड़ित ने थाना सेक्टर-39 में दो आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

सेक्टर-81 सलारपुर गांव में किराए पर रहने वाले विजय कुमार गर्ग ने दर्ज रिपोर्ट बताया कि वह सैमसंग कंपनी में कार्यरत है । बीते 22 जनवरी की रात्रि को वह ड्यूटी खत्म होने के बाद अपने घर आया था। उसने अपने कमरे का दरवाजा खटखटा। इस बात को लेकर पड़ोस में रहने वाले सोनू व इरशाद उसके साथ गाली-गलौज करने लगे। उसने जब इस बात का विरोध किया तो आरोपियों ने मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान उसका भाई ओंकार नाथ पांडे उसे बचाने के लिए आया तो आरोपियों ने उसके साथ भी गाली गलौज और मारपीट की। शोर शराबा सुनकर मकान मालिक मौके पर आ गया जिसके बाद दोनों आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पीड़ित ने दोनों आरोपियों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज कराया है।

**पूर्वोत्तर रेलवे**
**ई-आक्शन सूचना**
वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबन्धक, पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-आक्शन से सम्बन्धित सूचना।
एडमिन यूनिट/जोन: लखनऊ-पू.उ.रे.-मण्डल-वाणिज्य/पू.उ.रे., नीलामी सूची सं./लॉट सं.: LJN-OOH-01-24, नीलामी सूची प्रकाशन तिथि: 22-01-2024 समय 15:44 बजे, नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट): 07-02-2024 समय 13:00 बजे, नीलामी बन्द करने की तिथि व समय: 07-02-2024 समय 13:30 बजे, नीलामी का प्रकार: Close Ended, वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है: E-Auction Module of www.ireps.gov.in
वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, लखनऊ
मुजाधि/वाणिज्य-249
गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

**दैनिक चेतना मंच**
भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी ( मेंहदीपुर ) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।
डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99
RNI No. 69950/98
स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने बीएफएल इन्फोटेक लि. सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, गौतमबुद्धनगर ( यू पी. ) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया।
संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी
Contact: 0120-2518100, 4576372, 2518200
Mo.: 9811735566, 8750322340
E-mail: chetnamanch.pr@gmail.com
raghuvanshirampal365@gmail.com
raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in
www.chetnamanch.com

खास खबर

## विकसित भारत की संकल्प यात्रा में उत्तर प्रदेश अग्रणी भूमिका निभाएगा : पीएम मोदी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उत्तर प्रदेश के सभी लोगों को राज्य के स्थापना दिवस की शुभकामनाएं देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि विकसित भारत की संकल्प यात्रा में उत्तर प्रदेश अग्रणी भूमिका निभाएगा। प्रधानमंत्री ने कहा है कि बीते सात वर्षों में उत्तर प्रदेश ने प्रगति की एक नई गाथा लिखी है, जिसमें राज्य सरकार के साथ जनता-जनार्दन ने भी बढ़-चढ़कर भागीदारी की है। उन्होंने राज्य में हुए विकास कार्यों का श्रेय वहाँ की जनता के साथ-साथ योगी आदित्यनाथ की सरकार को भी दिया। मोदी ने एक्स पर पोस्ट कर कहा, अध्यात्म, ज्ञान और शिक्षा की तपोभूमि उत्तर प्रदेश के अपने सभी परिवारजनों को राज्य के स्थापना दिवस की अनेकानेक शुभकामनाएं। बीते सात वर्षों में प्रदेश ने प्रगति की एक नई गाथा लिखी है, जिसमें राज्य सरकार के साथ जनता-जनार्दन ने भी बढ़-चढ़कर भागीदारी की है। मुझे विश्वास है कि विकसित भारत की संकल्प यात्रा में उत्तर प्रदेश अग्रणी भूमिका निभाएगा।

## चाइनीज मांझा से बाइक सवार युवक का कटा गला, हुई मौत

**रायपुर, एजेंसी।** चाइनीज मांझा गले में फसने से एक बाइक सवार युवक की मौत हो गई और पीछे बैठा बच्चा गंभीररूप से घायल हो गया। छत्तीसगढ़ में मांझे से उलझ कर गर्दन कटने का पहला मामला है। आपको बता दें कि जी केबिन चरोदा से देवबलौदा जाने वाले मार्ग पर कुछ स्थानीय बच्चे पतंग उड़ा रहे थे। इसी दौरान अजय अपनी बाइक से एक पांच साल के बच्चे के साथ वहां से निकला तो पतंग का मांझा अजय तांडेकर के गले में फंस गया जिससे उसका गला कट गया। मांझा फंसने से बाइक फिसल कर गई और पीछे बैठा बच्चा भी गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद आस पास के लोगों ने 112 पर कॉल करके एंबुलेंस को बुलवाया। जिससे दोनों को नजदीकी लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल ले गए। जहां डाक्टरों ने प्राथमिक इलाज के बाद उनको जिला अस्पताल के लिए रिफर कर दिया। जिला अस्पताल के डॉक्टरों ने काफी प्रयास किया पर अत्यधिक खून बह जाने के कारण वो अजय को बचा नहीं सके। पांच साल के छोटे बच्चे के सिर में गंभीर चोट आने से उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। यह घटना सामने आने पर दुर्ग लोकसभा सांसद विजय बघेल ने दुख प्रकट किया तथा जिला प्रशासन से प्रतिबंधित चाइनीज मांझे पर ठोस कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि पूरे देश में चाइनीज मांझे पर बैन लगा हुआ है। ऐसे में ये मांझा यहां आया कैसे इस पर जिला प्रशासन को सख्त कार्यवाही करनी चाहिए।

## आरएसएस और भाजपा से डरता नहीं हूं, भले ही कितने भी मुकदमे मेरे ऊपर लाद दिए जाएं : राहुल गांधी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा लेकर निकले राहुल गांधी ने हिमंता बिस्वा सरमा पर हमला बोला है। गुवाहाटी में एंट्री न करने देने और एक मंदिर में जाने से रोकने को लेकर राहुल गांधी ने तीखा वार किया है। यही नहीं उन्होंने कहा कि हिमंता बिस्वा सरमा देश के सबसे भ्रष्ट मुख्यमंत्री हैं। कांग्रेस नेता ने कहा कि यह सबसे भ्रष्ट सीएम हैं और इनका कंट्रोलर दिल्ली में बैठा है। राहुल गांधी ने असम के बारपेटा में एक रैली को संबोधित करते हुए कहा कि मैं आरएसएस और भाजपा से डरता नहीं हूं। मुझे डराया नहीं जा सकता, भले ही कितने भी मुकदमे मेरे ऊपर लाद दिए जाएं। राहुल गांधी ने कहा, पता नहीं कहां से उसके( हिमंत बिस्वा सरमा) दिमाग में आ गया कि वो राहुल गांधी को डरा सकता है। जितने केस लगाने हों मेरे ऊपर लगा दीजिए, मैं नहीं डरता। मुझे कोई फर्क नहीं पड़ा। मेरे ऊपर 25 केस लगाए हैं, 25 और लगा दो, मजे लो। मैं आरएसएस और भाजपा से नहीं डरता। राहुल गांधी की यात्रा को मंगलवार को गुवाहाटी शहर में जाने से रोक दिया गया था। भारी बैरिकेडिंग लगा दी गई थी और इस पर कांग्रेसियों ने उपद्रव भी किया। बैरिकेडिंग आदि तोड़ डालीं और पुलिस से मामूली झड़प भी हुई। यही नहीं पुलिस ने लाठीचार्ज भी किया, जिसमें कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष समेत कई नेता जख्मी हो गए थे। असम के सीएम ने इस मामले में डीजीपी से बात की थी और राहुल गांधी के खिलाफ अशांति फैलाने और कार्यकर्ताओं को उकसाने के आरोप में केस दर्ज करने का आदेश दिया था। बता दें कि सोमवार को एक मंदिर में भी राहुल गांधी को जाने से रोक दिया गया था।

## छत्तीसगढ़ के पूर्व सीएम भूपेश बघेल समेत इन बड़े नेताओं ने कोर्ट में किया सरेंडर

**रायपुर, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के पूर्व सीएम भूपेश बघेल के ऊपर दर्ज मामले के बाद वह कोर्ट में सरेंडर हुए है। बघेल ने कोर्ट में खुद को सरेंडर कर मामले में जमानत ली है। यह पूरा मामला नोएडा की कोर्ट का है। जहां सोमवार को भूपेश बघेल, पंखुड़ी पाठक और अनिल यादव पहुंचे थे। इन तीनों के ऊपर कोरोना महामारी के दौरान मामला दर्ज था, जिसके बाद वह जमानत लेने पहुंचे और उन्हें कोर्ट ने जमानत पर रिहा कर दिया है। बतादें कि साल 2022 में उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के दौरान चुनाव प्रचार करने के लिए पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल नोएडा पहुंचे हुए थे। जहां वह नोएडा में कांग्रेस की प्रत्याशी पंखुड़ी पाठक के समर्थन में प्रचार प्रसार किया था। उस दौरान कोरोना को लेकर नियम सख्त थे। जिसके बाद पुलिस के द्वारा भूपेश बघेल और अन्य कांग्रेसियों के खिलाफ महामारी अधिनियम के तहत अपराध दर्ज कर लिया था। जब यह अपराध दर्ज किया गया था उस वक्त पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल कोर्ट में पेश नहीं हुए थे।

# प. बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी किसी शेरनी की तरह लड़ रही हैं : आदित्य ठाकरे

**मुंबई, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव में भाजपा के खिलाफ लड़ाई के ऐलान के साथ बना इंडिया गठबंधन पहले ही बिखरना शुरू हो चुका है। कई दिनों की अटकलों के बाद बुधवार को आखिर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने अकेले चुनाव लड़ने का ऐलान कर दिया। बंगाल से शुरू हुई विपक्ष की दरार अन्य राज्यों तक फैलती नजर आ रही है। महाराष्ट्र में शिवसेना-यूबीटी के नेता आदित्य ठाकरे ने ममता बनर्जी को शेरनी बता डाला। उन्होंने कहा कि ममता बनर्जी किसी शेरनी की तरह लड़ रही हैं। इससे इस आशंका को बल मिलने लगा है कि महाराष्ट्र में भी इंडिया अलायंस में फूट पड़ सकती है।



**सीट शेयरिंग पर देवड़ा ने छोड़ी कांग्रेस:** महाराष्ट्र की बात करें तो यहां पर कांग्रेस, शिवसेना और एनसीपी का गठबंधन रहा है। लेकिन शिवसेना में दो-फाड़ होने के बाद बैलेंस बिगड़ता नजर आ रहा है। यहां पर कांग्रेस और शिवसेना में सीटों के बंटवारे को लेकर जबर्दस्त पेंच फंस रहा है। सीटों के बंटवारे की ही बात पर पूर्व केंद्रीय मंत्री मिलिंद देवड़ा ने कांग्रेस का हाथ और साथ दोनों छोड़ दिया। असल में मिलिंद देवड़ा मुंबई दक्षिण सीट से लोकसभा चुनाव लड़ते रहे हैं। 2004 से 2014 तक वह इसी सीट से सांसद चुने गए। नए बने समीकरण में उद्धव ठाकरे वाली शिवसेना के खाते में यह सीट जा रही है। इसको लेकर ही देवड़ा ने कांग्रेस छोड़ दी।

कुछ इसी तरह का पेच संजय निरूपम की उत्तर पश्चिम मुंबई सीट पर भी फंस रहा है। इसके अलावा संजय निरूपम और संजय राउत के बीच काफी आरोप-प्रत्यारोप का दौर चला है। संजय निरूपम ने तो यहां तक कहा था कि क्षेत्रीय दल अब कांग्रेस को सलाह दे रहे हैं। संजय राउत पर हमला बोलते हुए निरूपम ने कहा था कि उन्होंने कभी कॉरपोरेशन तक का चुनाव नहीं लड़ा। वह अहंकार में आकर बातें कर रहे हैं यह इंडिया गठबंधन की सेहत के लिए ठीक नहीं है। इससे यह स्पष्ट संकेत मिले हैं कि महाराष्ट्र में इंडिया अलायंस के लिए सबकुछ ठीक नहीं है। पूरा मामला सीट शेयरिंग को लेकर फंस रहा है और सबकुछ यूं ही चलता रहा तो गठबंधन में फूट पड़नी तय है।

## छत्तीसगढ़ में आप को फिर बड़ा झटका, 500 से ज्यादा कार्यकर्ताओं ने छोड़ी पार्टी, भाजपा में शामिल

**रायपुर, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ में आम आदमी पार्टी (आप) को बड़ा झटका लगा है। यहां 500 से ज्यादा पार्टी कार्यकर्ता सामूहिक रूप से इस्तीफा देकर बीजेपी में शामिल हो गए हैं। ये खबर ऐसे समय में सामने आई है जब इसी महीने की शुरुआत मे छत्तीसगढ़ से आप प्रमुख कोमल हुपेंडी और छह अन्य सदस्यों ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया था।

भाजपा में जाने का कारण आप के नेतृत्व से मोहभंग और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकास और राष्ट्रवादी एजेंडे की प्रशंसा बताया जा रहा है। बीजेपी में शामिल होने वाले कार्यकर्ता राष्ट्रीय आस्था के प्रतीक के रूप में अयोध्या में राम मंदिर की स्थापना और भाजपा के शासन रिकॉर्ड की सराहना करते नजर आए। बताया जा रहा है कि छत्तीसगढ़ में पार्टी नेताओं को शीर्ष नेतृत्व से कई शिकायतें थी जिसमें राजस्तर पर नजरअंदाज किया जाना और उनकी चिंताओं पर ध्यान ना दिया जाना भी शामिल है। जानकारी के मुताबिक इसी के चलते ये कदम उठाया गया है। साल 2016 से पार्टी के साथ रहे कोमल हुपेंडी ने भी 2023 के विधानसभा चुनावों के दौरान केंद्रीय नेतृत्व से समर्थन की कमी पर निराशा व्यक्त की थी।

**गुजरात में भी झटका:** इससे पहले गुजरात में भी आम आदमी पार्टी को झटका लगा था। यहां भी आप के कई कार्यकर्ताओं ने बीजेपी का दमन थाम लिया था। यहां आप और कांग्रेस के करीब 2 हजार कार्यकर्ता बीजेपी में शामिल हो गए थे।

## रायपुर पहुंचे धीरेंद्र शास्त्री, बोले- अब नहीं होगा छत्तीसगढ़ में धर्मांतरण, राम राज में होगी धर्म वापसी

**रायपुर, एजेंसी।** हमेंशा से अपने बयान के लिए चर्चा में रहने वाले कथावचक बाघेश्वर धाम के धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री आज राजधानी रायपुर एक कार्यक्रम में पहुंचे हैं। रायपुर में धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने भारत को विश्वगुरू बनने की तरफ अग्रसर बताया है। इसके साथ ही राममंदिर प्राण प्रतिष्णा को लेकर कहा कि यह रामयुग की शुरुआत है। शास्त्री ने कहा कि देश अब अखंडता और एकता की ओर आगे बढ़ रहा है।



छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर पहुंचे पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने छत्तीसगढ़ को लेकर कहा कि सनातनी हिंदूओं ने मिलकर त्रेता युग की शुरुआत की है, अब द्वापर की तैयारी है। छत्तीसगढ़ के समूचे क्षेत्र में जिस तरह से धर्मांतरण किया जा रहा है। इस धर्मांतरण को रोकते हुए आने वाले दिनों में बड़ी संख्या में धर्मांतरण को रोककर हिंदूओं की घर वापसी कराई जाएगी। सभी भटके हुए लोग बेझिझक घर वापसी करेंगे। साथ ही पं धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ भगवान राम का ननिहाल है। हमारे मामा जी रहां रहते है, यहां चप्पे-चप्पे पर राम नहीं बल्कि कण-कण में राम बस गए हैं।

पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने कहा कि मै इससे पहले छत्तीसगढ़ आया था तो नारा दिया था कि तुम मेरा साथ दो मै आपको हिंदू राष्ट्र दूंगा। साल बदलने के साथ ही छत्तीसगढ़ का हाल में बदलाव हो गया है। अब बहुत जल्द ही छत्तीसगढ़ में धर्मांतरण बंद होगा क्योंकि यहां के हाल भी बदल गए हैं।

छत्तीसगढ़ में बाघेश्वर धाम प्रमुख धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने प्रदेश के सीएम विष्णुदेव साय की तारीफ की है। शास्त्री ने कहा कि यहां के सीएम विष्णुदेव साय बहुत प्यारे हैं। यह जमीन जुड़े हुए नेता है। साय जनहित के लिए काम करेंगे, वह छत्तीसगढ़ के हित के लिए बड़े ही अच्छे नेता है। बातदें कि छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में बाघेश्वर धाम के धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री तीन दिन कथा सुनाने वाले वाले है। रायपुर में शास्त्री 27 जनवरी तक रहेंगे।

## कोटा में नहीं थम रहा सुसाइड का सिलसिला, एक और कोचिंग स्टूडेंट ने लगाई फांसी

**कोटा , एजेंसी।** राजस्थान के कोटा में स्टूडेंट सुसाइड का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। मंगलवार देर रात एक और छात्र ने आत्महत्या कर ली। युवक मोहम्मद जैदी यूपी के मुरादाबाद का रहने वाला था। कोटा के एक कोचिंग से मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट की तैयारी कर रहा था। मामले की जानकारी के बाद जवाहर नगर थाने की पुलिस टीम मौके पर पहुंची है। आगे की जांच की जा रही है। परिजनों को सूचित किया गया है। जानकारी के मुताबिक, स्टूडेंट मंगलवार रात से ही कमरे के बाहर नहीं निकला था। आस पास में रहने वाले छात्रों को इसपर शक हुआ लेकिन जब सुबह दरवाजा खटखटाने पर भी बाहर नहीं निकला न ही कमरे के अंदर से आवाज आई, तब अन्य छात्रों ने पुलिस को फोन किया। मौके पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा तोड़कर शव बाहर निकाला। शव को मोर्चरी में रखवाया गया है। कोटा में लाखों की संख्या में स्टूडेंट्स इंजीनियरिंग और मेडिकल की तैयारी के लिए आते हैं। लेकिन कहीं न कहीं पढ़ाई का प्रेशर या अन्य कारणों से स्टूडेंट मानसिक तनाव में आकर सुसाइड कर लेते हैं। साल 2023 में करीब 28 छात्रों ने अलग-अलग कारणों से कोटा में सुसाइड किया था। इनमें से अधिकतर सुसाइड का कारण पढ़ाई को लेकर मानसिक तनाव सामने आया था।

# कांग्रेस ने पंजाब में की चुनाव कमेटी की घोषणा, बगावत करने वाले नवजोत सिंह सिद्धू का भी नाम

**जालंधर, एजेंसी।** लोकसभा चुनावों के मद्देनजर पंजाब में कांग्रेस ने प्रदेश चुनाव कमेटी की घोषणा कर दी है। ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी की तरफ से 27 सदस्यीय एक सूची जारी की गई है, जिसमें कई बड़े नेताओं को शामिल किया गया है। हाईकमान की तरफ से जारी की लिस्ट में 27 बड़े नेताओं को कमेटी में शामिल कर बड़ी जिम्मेदारी सौंपी गई है। इन नेताओं में बगावाती सुर वाले नवजोत सिंह सिद्धू को भी जगह दी गई है। सिद्धू पर हाईकामन ने भरोसा जताया है। इससे वह अपने विरोधियों पर फिर भारी पड़ सकते हैं।

इन कांग्रेसी नेताओं के नाम

चुनाव कमेटी में कांग्रेस महासचिव वेणुगोपाल ने बताया कि पंजाब कांग्रेस प्रधान अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग को समिति का अध्यक्ष बनाया गया है। प्रताप सिंह बाजवा, अंबिका सोनी, पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी, मनीष तिवारी, सुखजिंदर सिंह रंधावा, राजिंदर कौर भट्ठल, लुधियाना के सांसद रवनीत सिंह बिट्टू, नवजोत सिंह सिद्धू, सुखपाल सिंह खैहरा, परगट सिंह, सहित 27 लोगों को शामिल किया गया है।



**मीटिंग में फिर नहीं पहुंचे सिद्धू :** वहीं, राजा वड़िंग समेत पंजाब कांग्रेस के नवनियुक्त प्रभारी देवेंद्र यादव मंगलवार को पटियाला में पार्टी के जिला व ब्लॉक प्रधानों व अन्य ओहदेदारों के साथ बैठक करने पहुंचे थे। यादव ने भी कहा कि परनीत कौर को पार्टी से सस्पेंड किया गया है। इसलिए इस बार पटियाला सीट से एक नया उम्मीदवार मैदान में उतारा जाएगा। नवजोत सिद्धू के बारे में यादव ने कुछ भी कहने से इन्कार कर दिया।

पटियाला में की गई अहम बैठक से नवजोत सिंह सिद्धू गैर हाजिर रहे। इससे पंजाब कांग्रेस में चल रही अंतर्कलह एक बार फिर से सामने आ गई है। वड़िंग से जब इस बारे में पूछा गया तो उन्होंने टालते हुए कहा कि एक ही समय पर एक जगह पर पार्टी के सभी नेता नहीं पहुंच सकते हैं। इसलिए मीडिया सिद्धू की गैर मौजूदगी को ज्यादा तूल न दे।

**राजस्थान के स्कूलों में 15 फरवरी से सूर्य नमस्कार अनिवार्य : जयपुर, एजेंसी।** राजस्थान में सत्ता परिवर्तन होने के साथ ही सभी स्कूलों में सूर्य नमस्कार दोबारा शुरू होंगे। कार्यालय निदेशक, माध्यमिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर ने आदेश जारी कर दिए है। इससे पहले शिक्षामंत्री मदन दिलावर ने ऐसे संकेत दिए थे। दिलावर ने कहा कि अगले महीने 16 फरवरी को सूर्य सप्तमी है। इस अवसर पर हम एक बड़ा आयोजन प्रदेश स्तर का करना चाह रहे हैं। इसमें सभी स्कूलों में सूर्य नमस्कार होंगे। इसकी प्रैक्टिस भी स्कूलों में करवाई जाएगी। निदेशक आशीष मोदी ने सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को आदेशों की पालना के क्रियान्वयन करने के निर्देश दिए है।

15 व 16 फरवरी को सूर्य सप्तमी

दिलावर ने कहा कि 15 व 16 फरवरी को सूर्य सप्तमी है। ऐसे में हम 15 तारीख को सूर्य सप्तमी को बड़े स्तर पर मनाना चाह रहे हैं। उस दिन सभी विद्यालय में कार्यक्रम होगा. इसमें भामाशाह और समाजसेवियों का सहयोग लिया जाएगा। ये लोग सामाजिक, धार्मिक, राजनीतिक, ग्रामवासी व अन्य राजनीतिक क्षेत्र के होंगे. हम ऐसा कार्यक्रम करना चाहते हैं, यह हिंदुस्तान में सबसे बड़ा कार्यक्रम होगा। जिसमें सबसे ज्यादा व्यक्ति एक साथ सूर्य नमस्कार करें।

## रामगंगा नदी में गिरी बेकाबू कार, चार युवकों की मौत

**बिजनौर, एजेंसी।** बिजनौर के हरेवली बैराज पर मंगलवार रात तेज गति के कारण अनियंत्रित कार रामगंगा नदी में जा गिरी। हादसे में कार सवार चार युवकों की डूबने से मौत हो गई, जबकि एक ने कूदकर जान बचाई। देर रात पुलिस ने जेसीबी और अन्य मशीनों की मदद से कार और युवकों के शव निकाले। सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया। बताया कि तेज रफ्तार कार बेकाबू होकर रेलिंग तोड़ते हुए नदी में गिरी। नदी में कार डूबने से पहले केवल एक ही उससे बाहर कूद पाया।

गांव नूरपुर छिबरी निवासी सिकन्दर, फैसल, राशिद, खुर्शीद मारूफ मंगलवार रात अफजलगढ़ से दावत खाकर हरेवली होते हुए गांव लौट रहे थे। बताया जाता है कि लौटते समय हरेवली बैराज पर तेज गति के कारण कार अनियंत्रित होकर रामगंगा नदी में जा गिरी। सिकंदर ने कूदकर जान बचाई। बाकी युवक नदी में डूब गए। मृतक की पहचान बिजनौर जिले के चिपरी गांव के खुशीद, राशिद फैसल और महरूफ के रूप में हुई है। सभी की उम्र 19 से 23 साल के बीच है। अफजलगढ़ क्षेत्र की सर्कल अधिकारी रचना सिंह ने इस बारे में जानकारी देते हुए कहा कि मंगलवार रात करीब नौ बजे हादसा हुआ। सभी लोग अफजलगढ़ में प्रदर्शनी देखने के बाद अपने घर लौट रहे थे। संभावना है कि घने कोहरे के कारण रास्ता भटक गए और हरेवली बैराज के पुल तक पहुंचे। अचानक उनकी कार अनियंत्रित हो गई और डिवाइडर तोड़ते हुए बैराज के अंदर रामगंगा नदी में जा गिरी। घटना की जानकारी होते ही सैकड़ों ग्रामीण मौके पर जुट गये और घटना की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने जेसीबी और क्रेन की मदद से कार को बाहर निकाला। करीब दो घंटे बाद कार बाहर आ पाई। चारों को अस्पताल भेजा गया जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।



## तमिलनाडु सरकार को लौटा दें जयललिता के गहने, कोर्ट का आदेश; कर्नाटक को मिलेंगे 5 करोड़

**बेंगलुरु, एजेंसी।** बेंगलुरु की एक विशेष अदालत ने तमिलनाडु की पूर्व मुख्यमंत्री दिवंगत जे जयललिता से जब्त किए गए सोने-हीरे के आभूषणों को तमिलनाडु सरकार को स्थानांतरित करने का निर्देश दिया है। इसके बाद अब तमिलनाडु सरकार इन आभूषणों को लेकर अंतिम निर्णय लेगी। जयललिता के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति के मामले में ये आभूषण बतौर सबूत अदालत में पेश किए गए थे।

बेंगलुरु की विशेष कोर्ट के जज एच ए मोहन ने सोमवार को सुनवाई करते हुए कहा कि जयललिता के सगे-संबंधी जब्त सामान के उत्तराधिकारी नहीं हैं। जयललिता की भतीजी जे दीपा और भतीजे जे दीपक द्वारा इन आभूषणों की दावेदारी की गई थी, लेकिन अदालत ने उसे खारिज कर दिया था। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद जयललिता के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति मामले की सुनवाई बेंगलुरु (कर्नाटक) में हुई थी। उस दौरान मामले से संबंधित सभी दस्तावेज और अन्य सामान कोर्ट की कस्टडी में आ गया था। जयललिता के सोने और हीरे के आभूषण भी उसी सामान का हिस्सा हैं।

**कर्नाटक सरकार को पांच करोड़ मिलेंगे :** अदालत ने आभूषणों को तमिलनाडु सरकार को स्थानांतरित करने का आदेश दिया। अदालत ने कहा, तमिलनाडु गृह विभाग के सचिव स्तर के अधिकारी पुलिस के साथ बेंगलुरु आकर आभूषणों को अपने साथ ले जा सकते हैं। साथ ही अदालत ने यह भी कहा कि कर्नाटक राज्य में मामले की सुनवाई पर हुए खर्च के एवज में कर्नाटक को पांच करोड़ रुपये मिलेंगे। इनका भुगतान चेन्नई स्थित एसबीआई की शाखा में जयललिता से संबंधित खाते से किया जाएगा।



आपको बता दें कि आय से अधिक संपत्ति मामले में कर्नाटक हाईकोर्ट ने जयललिता को बरी कर दिया था। मामले में पूर्व सीएम जयललिता के साथ ही उनकी करीबी सहयोगी रहीं वी शशिकला, भतीजे वीएन सुधाकरण और शशिकला की एक रिश्तेदार के खिलाफ कोर्ट में मुकदमा चलाया गया था।

# यूपी में बढ़े 25 लाख 84 हजार 183 नए मतदाता

**लखनऊ, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश में 25 लाख 84 हजार 183 वोटर बढ़ गए हैं। मंगलवार को यह जानकारी निर्वाचन आयोग की तरफ से दी गई। मतदाताओं की अंतिम सूची जारी करते हुए मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि पुनरीक्षण के दौरान कुल 57,03,304 मतदाताओं से नाम जोड़े गए। वहीं कुल 31,19,121 मतदाताओं का नाम सूची से काट दिया गया। इस तरह से प्रदेश में मतदाताओं की संख्या में कुल वृद्धि 25,84,183 की हुई है। निर्वाचन द्वारा प्रकाशित हुई अंतिम सूची में मतदाताओं की संख्या 15 करोड़ 29 लाख 24 हजार 62 हो गई। पहले ये संख्या 15 करोड़ 3 लाख, 39 हजार 879 थी। 18-19 साल के 15.57 लाख मतदाता निर्वाचन आयोग की तरफ से जारी अंतिम मतदाता सूची में 18-19 आयु वर्ग के कुल 15.57 लाख मतदाता जोड़े गए हैं। यह कुल जोड़े गए नामों का 27.29 प्रतिशत है। निर्वाचक नामावली में वर्तमान में 18-19 आयु वर्ग के कुल मतदाताओं की संख्या 20.41 लाख है। पुनरीक्षण के दौरान कुल 57,03,304 मतदाताओं के नाम जोड़े गए हैं। इसमें 25,77,967 पुरुष, 31,24,901 महिला और 436 तृतीय लिंग के मतदाता हैं। अंतिम मतदाता सूची में जेंडर रेशियों में भी बढ़ोतरी हुई है। मतदाता सूची में आलेख्य प्रकाशन के समय जेण्डर रेशियो 867 था, जो अंतिम प्रकाशित



नामावली में 878 हो गई है। इस तरह से जेंडर रेशियो में 11 अंकों की वृद्धि हुई है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि पुनरीक्षण के दौरान 31.19 लाख मतदाताओं के नाम विभिन्न श्रेणियों के हटाया गया है। इसमें से 10.50 लाख मतदाताओं को मृत्यु के बाद हटाया गया है। वहीं 14.14 लाख शिफ्टेड श्रेणी और 6.21 लाख रिपीटेड श्रेणी में मतदाता सूची से हटाए गए हैं। उन्होंने बताया कि अंतिम प्रकाशित मतदाता सूची सभी मतदेय स्थलों पर एक सप्ताह तक जन-सामान्य के लिए प्रदर्शित की जाएगी। इसके अलावा मुख्य निर्वाचन अधिकारी या जिला निर्वाचन अधिकारी की वेबसाइट पर भी मतदाता सूची उपलब्ध होगी, जिसके माध्यम से मतदाता अपना नाम देख सकते हैं।उन्होंने कहा कि टोल फ्री नं. 1950 पर फोन करके और वोटर हेल्पलाइन एप (वीएचए) के माध्यम से भी अपने नाम की जानकारी कर सकते हैं। साथ ही अपने बीएलओ से सम्पर्क करके भी अपना नाम देख सकते हैं। अंतिम मतदाता सूची जारी होने से पहले विभिन्न राजनीतिक दलों से भी आपत्तियां मांगी गई थी। अधिकारियों के मुताबिक विभिन्न राजनीतिक दलों की तरफ से जो भी आपत्तियां दी गई थी उनका निस्तारण कर दिया गया है।उन्होंने कहा कि अंतिम मतदाता सूची प्रकाशन के बाद भी मतदाता बन सकते हैं।

## खास खबर

### रमीसर्किल ने किया 'बेफिकर' गेमिंग का वादा




**नई दिल्ली।** यूजर सेफ्टी और रेस्पॉन्सिबल गेमिंग के माहौल को बढ़ावा देने की अपनी प्रतिबद्धता के तहत भारत के सर्वाधिक यूजर-सेंट्रिक, साइंटिफिक एवं इनोवेटिव स्किल गेमिंग प्लेटफॉर्म गेम्स24×7 ने अपने प्रोडक्ट प्लेटफॉर्म रमीसर्किल पर %खेलो बेफिकर, जीतो रमीसर्किल पर%कैंपेन लॉन्च किया है।ऑनलाइन गेमिंग सेक्टर के लिहाज से 2023 उल्लेखनीय वर्ष रहा है। घरेलू गेमिंग प्लेटफॉर्म्स की वैधता को लेकर ज्यादा स्पष्टता आई है। इससे विकास को लेकर उनकी संभावनाएं साकार हुई हैं और भारत की डिजिटल इकोनॉमी में वैल्यू क्रिएट हुई है। साथ ही इस टेक्नोलॉजी संचालित इंटरटेनमेंट फॉर्मेट में इनोवेशन को गति देने का रोडमैप भी तैयार हो रहा है। ऐसे समय में उपभोक्ताओं के लिए ऑथेंटिक स्किल गेमिंग प्लेटफॉर्म से जुड़ने के लाभों को समझना, गलतफहमियों को दूर करना और जागरूकता लाना भी महत्वपूर्ण है, जिससे वे सही जानकारी के साथ निर्णय ले सकें।%खेलो बेफिकर, जीतो रमीसर्किल पर% कैंपेन का लक्ष्य खिलाड़ियों को वैध गेमिंग प्लेटफॉर्म से जुड़ने के लाभ के बारे में बताना और आमतौर पर पूछे जाने वाले सवालों से जुड़ी उनकी चिंताओं को दूर करना है।

### एचडीएफसी बैंक की 2 करोड़ क्रेडिट कार्ड के साथ ऐतिहासिक उपलब्धि

**मुंबई,=**भारत के सबसे बड़े निजी क्षेत्र के बैंक, एचडीएफसी बैंक ने घोषणा की है कि उसने 2 करोड़ क्रेडिट कार्ड इन फोर्स (सीआईएफ) का ऐतिहासिक मील का पत्थर हासिल कर लिया है। इसके साथ, बैंक देश का पहला और वर्तमान में एकमात्र बैंक बन गया है। जिसने यह उपलब्धि हासिल की है। एचडीएफसी बैंक ने 2001 में अपना पहला क्रेडिट कार्ड लॉन्च करके क्रेडिट कार्ड व्यवसाय शुरू किया था । बैंक 2017 में 1 करोड़ सीआईएफ के मील के पत्थर तक पहुंच गया, यह यात्रा लगभग 16 वर्षों तक चली। एचडीएफसी बैंक ने ठीक 6 साल और 1 महीने में इस सीआईएफ संख्या को दोगुना कर 2 करोड़ कर दिया।श्री पराग राव, ग्रुप हेड ङ्क पेमेंट्स, कंस्यूमर फाइनेंस, मार्केटिंग, लायबिलिटी प्रोडक्ट ग्रुप, टीपीपी, एबीसीपी, नॉन -रेजिडेंट प्रोडक्ट्स , गिब एंड गिग बैंकिंग - एचडीएफसी बैंक ने कहा, ÷जैसा कि हमने 2 करोड़ क्रेडिट कार्ड जारी करने का यह उल्लेखनीय मील का पत्थर हासिल किया है। उसके लिये हम अपने मूल्यवान ग्राहकों के प्रति उनके विश्वास और वफादारी के लिए आभार व्यक्त करते हैं।

### कैंटाबिल रिटेल ने छतरपुर में अपना नया स्टोर खोलकर अपनी रिटेल मौजूदगी का किया विस्तार

**छतरपुर।** भारत के अग्रणी परिधान निर्माताओं एवं रिटेल विक्रेताओं में से एक, कैंटाबिल रिटेल इंडिया लिमिटेड ने छतरपुर में अपना रिटेल स्टोर खोलने की घोषणा की है। 667 वर्ग फुट के क्षेत्र में फैला, ब्रांड का यह स्टोर शॉप नंबर 215, अपोलो क्रॉसरोड, बस स्टैंड के पास, छतरपुर, मध्य प्रदेश में स्थित है। नया कैंटाबिल रिटेल स्टोर अपने ग्राहकों को रिटेल अनुभव के भविष्य की झलक पेश करता है, जो कि प्रतिस्पर्धी मूल्य पर अपने ग्राहकों के लिए मेंस वियर, एक्टिव वियर, फुटवियर तथा एक्सेसरीज की सम्पूर्ण रेंज पेश करता है। इस स्टोर के खुलने के साथ ही, कैंटाबिल रिटेल पूरे भारत में 516 स्टोर तक पहुंच गया है ।

# चुनाव से पहले कम होंगे खाद्य तेलों के दाम

## सरकार ने कहा सस्ता आयात कर महंगा बेचना नहीं चलेगा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इस समय अंतरराष्ट्रीय बाजार में खाद्य तेलों के दाम नरम हैं। तब भी घरेलू बाजार में खाद्य तेलों के दाम कम नहीं हो रहे हैं। बीते दिसंबर में तो दाम में कुछ कमी हुई थी, लेकिन इस साल जनवरी में तो खाद्य तेलों के दाम फिर से बढ़ गए हैं। अगले कुछ महीने में देश में आम चुनाव होना है। इसलिए सरकार खाद्य तेलों के दाम पर बेहद सतर्क है। तभी सरकार की तरफ से कूकिंग ऑयल कंपनियों को प्रोडक्ट की कीमत इंटरनेशनल प्राइस के तर्ज पर घटाने को कहा गया है।

मीडिया सूत्रों के अनुसार केंद्र सरकार के उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय ने इन कंपनियों को कहा है कि इंटरनेशनल मार्केट में जिस तरह से खाद्य तेलों की कीमतें घट रही हैं, उसी तरह से घरेलू बाजार में भी कीमतें घटनी चाहिए। हालांकि इन कंपनियों ने फिलहाल दाम में कटौती में असमर्थता जताई है। उनका कहना है कि अगले महीने से सरसों की



कटाई शुरू होगी। नई फसल आने के बाद ही कीमतों में कमी संभव है। मतलब कि मार्च तक कीमतें यथावत रहेंगी।

### क्या कहना है कंपनियों का

सॉल्वेंट एक्सट्रैक्टर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष अजय झुनझुनवाला ने सदस्यों को भेज एक पत्र में कहा है उपभोक्ता मामले के मंत्रालय ने व्यक्त किया है कि सोयाबीन, सूरजमुखी और पाम तेल जैसे तेलों पर एमआरपी अंतरराष्ट्रीय कीमतों में कमी की सीमा तक कम नहीं की गई है। मतलब साफ है कि कीमतों में तत्काल कमी हो। हालांकि, उद्योग के अधिकारियों ने कहा है कि कीमतों में तत्काल कमी की गुंजाइश कम है। अडानी विल्मर के सीईओ अंशु मलिक ने कहा, खाना पकाने के तेल की कीमतें बहुत स्थिर हैं। कीमतों में कोई भारी वृद्धि या कमी नहीं हुई है। हमारी एमआरपी हर महीने मौजूदा मूल्य रुझानों के अनुरूप सही की जाती है। हमें कीमतों में तत्काल सुधार की उम्मीद नहीं है। अडानी विल्मर, जो 'फॉर्च्यून' ब्रांड के तहत खाना पकाने का तेल बेचती है। हालांकि उनका कहना है कि वे इंटरनेशनल कमोडिटी प्राइस पर नजर रखते हैं और उसी के हिसाब से फैसले लेते हैं।

### कितनी घट सकती है कीमतें

वेजेटेबल ऑयल ब्रोकरेज कंपनी सनविन ग्रुप के सीईओ संदीप बाजोरिया ने बताया, दिसंबर में खाद्य तेल की कीमतों में करीब 10 प्रतिशत की गिरावट आई थी और जनवरी में कीमतें फिर से 8 प्रतिशत बढ़ गई हैं । विभिन्न कंपनियों के अधिकारियों का कहना है कि यदि सरकार ने ज्यादा जोर डाला तो कीमतों में केवल 3-4 प्रतिशत की कटौती कर पाएंगी ।

# रतन टाटा के प्लान को सरकार ने दी हरी झंडी

## अब हर हाथ में होगा मेड इन इंडिया आईफोन!



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देश में आईफोन की मैन्यूफैक्चरिंग को बड़ा बूस्ट मिला है। कंप्टीशन कमीशन ऑफ इंडिया ने टाटा-विस्ट्रॉन की डील को हरी झंडी दे दी है। टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स ने ताइवान की कंपनी विस्ट्रॉन के भारत में ऑपरेशन को खरीदने के लिए पिछले साल अक्टूबर में एक डील की थी। विस्ट्रॉन का बेंगलुरु के करीब एक प्लांट है जिसमें आईफोन की एसेंबलिंग की जाती है। टाटा ग्रुप और विस्ट्रॉन के बीच इस डील के लिए करीब एक साल से बातचीत चल रही थी। विस्ट्रॉन का यह प्लांट आईफोन-14 मॉडल के प्रोडक्शन के लिए जाना जाता है। वर्तमान में इस प्लांट में 10,000 से ज्यादा वर्कर्स काम करते हैं। विस्ट्रॉन का भारतीय प्लांट अपनी 8 प्रोडक्शन लाइनों में आईफोन की मैन्युफैक्चरिंग कर रहा है। ताइवान की कंपनी विस्ट्रॉन ठेके पर इलेक्ट्रॉनिक सामान बनाती है। विस्ट्रॉन भारत में आईफोन बिजनस से निकलना चाहती है और टाटा ने खरीदने में दिलचस्पी दिखाई थी। टाटा के अधिग्रहण के बाद विस्ट्रॉन पूरी तरह से भारतीय मार्केट से बाहर हो जाएगा, क्योंकि यह भारत में ऐपल प्रोडक्ट्स का प्रोडक्शन करने वाला कंपनी का एकमात्र प्लांट है। ताइवान की कंपनी विस्ट्रॉन ने 2008 में इंडियन मार्केट में एंट्री की थी ।

# कामधेनु पेंट्स अपने चैनल पार्टनर्स को थाईलैंड की ड्रीम ट्रिप पर ले गया

**गुरुग्राम,=** कामधेनु समूह का एक ब्रांड और उच्च गुणवत्ता वाले पेंट और इमल्शन के अग्रणी निर्माता, कामधेनु पेंट्स ने अपने महत्वपूर्ण चैनल पार्टनरों के लिए थाईलैंड के समुद्र तटीय शहर 'हुआ हिन' के लिए एक अविस्मरणीय प्रोत्साहन पारिवारिक यात्रा का आयोजन किया। इस शानदार आयोजन ने उत्साह, विलासिता और सांस्कृतिक तल्लीनता की नई ऊंचाई का वादा किया, जिससे यह जीवन भर की यादगार यात्रा बन गई। यह कार्यक्रम उच्च प्रदर्शन करने वाले चैनल भागीदारों को सम्मानित करने और उनके परिवारों के साथ जश्न मनाने के लिए आयोजित किया गया था।पूर्व मिस यूनिवर्स सुष्मिता सेन, बॉलीवुड में संगीत की दुनिया की सनसनी सोना महापात्रा और मशहूर स्टैंडअप कॉमेडियन आकाश गुप्ता ने बेहतरीन परफॉर्मेंस देकर मंच पर अपना जलवा बिखेरा। सुश्री सेन ने योग्य विजेताओं, चैनल पार्टनर/कर्मचारियों को सोने की चेन और अन्य पुरस्कारों से सम्मानित किया, जबकि महापात्रा ने अपने शानदार लाइव




प्रदर्शन से मंच पर जोश भर दिया। स्टैंड अप कॉमेडियन आकाश गुप्ता के मजाकिया हास्य कला ने खुशी के रंग को और गहरा कर दी, जिससे यह उपस्थित सभी लोगों के लिए एक यादगार यात्रा बन गई।कार्यक्रम में बोलते हुए, कामधेनु कलर एंड कोटिंग्स लिमिटेड के प्रबंध निदेशक, श्री सौरभ अग्रवाल ने कहा, ÷कामधेनु पेंट्स में, हम अपने चैनल पार्टनर /कर्मचारियों को उनके अटूट समर्पण और प्रतिबद्धता के लिए सम्मानित करने में विश्वास करते हैं। थाईलैंड की यह यात्रा उस सम्मान को व्यक्त करने का हमारा तरीका था। हम दिल से आभार व्यक्त करते हैं और ऐसी यादें छोड़ते हैं जो जीवन भर याद रहेंगी। हमें विश्वास है कि यह अनुभव न केवल हमारे रिश्तों को मजबूत करेगा बल्कि हमारे चैनल पार्टनर /कर्मचारियों को भविष्य में और भी अधिक ऊंचाइयां हासिल करने के लिए प्रेरित और प्रोत्साहित करेगा।

# दुर्लभ बीमारी से लकवा की चपेट में आई महिला को अपोलो अस्पताल में मिली संजीवनी

**नई दिल्ली ।** दिल्ली का इंद्रप्रस्थ अपोलो अस्पताल एक 39 वर्षीय महिला मरीज के लिए संजीवनी बना। अस्पताल के डॉक्टरों ने महिला मरीज को एक ऐसी दुर्लभ बीमारी से बचाया है जिसकी वजह से वह कुछ ही समय में लकवा ग्रस्त हो गई थी। चिकित्सा जांच में डॉक्टरों ने इस बीमारी को एक दुर्लभ ऑटोइम्यून विकार बताया जो सबसे तेजी से मरीज को अक्षम बनाता है। बहरहाल, उपचार के बाद महिला रोगी वापस से चलने फिरने में सक्षम हैं। डॉ. पी.एन. रेनजेन ने बताया, सभी चिकित्सा जांच में मांसपेशियों में सूजन साफतौर पर पता चल रही थी। तंत्रिका संबंधी समस्याओं से इनकार करने वाले विद्युत अध्ययन और मांसपेशियों की बायोप्सी ने और स्पष्ट कर दिया कि सूजन पॉलीमायोसिटिस बीमारी के कारण हैं। यह पॉलीमायोसिटिस सबसे तेजी से अक्षम करने वाले ऑटोइम्यून विकारों में से एक है। अगर हम इस रोगी की बात करें तो उसकी खुद की प्रतिरक्षा प्रणाली ही उसकी



मांसपेशियों को नुकसान पहुंचा रही थी। केवल तीन महीनों के भीतर, खड़ा होना, हाथ उठाना, ठोस भोजन निगलना या यहां तक कि ठीक से सांस लेना सब कार्य बंद हो गए। यहां आने के बाद हमने टारगेटेड इम्युनो मोड्यूलेशन शुरू किया।जानकारी के अनुसार, दिल्ली की 39 साल की महिला मरीज को दिसंबर 2022 में अपने पैरों में कमजोरी महसूस हुई। देखते ही देखते फरवरी 2023 यानी करीब तीन महीने में ही उन्हें खड़े होने में कठिनाई होने लगी। हाथ उठना भी बंद हो गए और ठोस भोजन कर पाना भी उनके लिए संभव नहीं रहा। वह पूरी तरह से बिस्तर पर आ चुकी थीं और सांस लेने में कठिनाई हो रही थी।

तेजी से इनका वजन कम होने लगा और मांसपेशियों में गिरावट आने लगी। इसके बाद नई दिल्ली स्थित इंद्रप्रस्थ अपोलो अस्पताल के न्यूरोलॉजी विभाग के वरिष्ठ सलाहकार डॉ. पी.एन. रेनजेन की देखरेख में मरीज को भर्ती किया गया।

# डीजीसीए ने एयर इंडिया पर लगाया 1.1 करोड़ का जुर्माना

## एक कर्मचारी की शिकायत के बाद की गई थी व्यापक जांच

### हाल में इंडिगो पर भी लगी थी 1.20 करोड़ की पेनाल्टी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** टाटा ग्रुप का हिस्सा बन चुकी एयर इंडिया पर तगड़ा जुर्माना लगा है। नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने कुछ लंबे मार्गों पर संचालित उड़ानों के संबंध में सुरक्षा मानकों के उल्लंघन के लिए एयर इंडिया पर 1.10 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है। बुधवार को जारी बयान के अनुसार एविएशन रेगुलेटर डीजीसीए ने एक एयरलाइन कर्मचारी से स्वैच्छिक सुरक्षा रिपोर्ट प्राप्त करने के बाद विस्तृत जांच की। इसमें कुछ लंबी दूरी के महत्वपूर्ण मार्गों पर एयर इंडिया द्वारा संचालित उड़ानों में सुरक्षा उल्लंघन का आरोप लगाया गया था। डीजीसीए ने कहा कि चूंकि जांच में प्रथम दृष्टया एयरलाइन द्वारा गैर-अनुपालन का पता चला। इसके बाद एयर इंडिया को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था। सुरक्षा रिपोर्ट एयर इंडिया द्वारा संचालित पट्टे पर दिए गए विमानों से संबंधित है। डीजीसीए ने बयान में कहा, चूंकि पट्टे पर दिए गए विमानों का परिचालन नियामक/ओईएम प्रदर्शन सीमाओं के अनुरूप नहीं था, इसलिए डीजीसीए ने कार्रवाई करते हुए एयर इंडिया पर 1.10 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है। एयर इंडिया के बी777 में कमांडर रहे



एक पायलट ने इस बारे में पिछले साल 29 अक्टूबर को शिकायत की थी। डीजीसीए ने कहा कि शिकायत की व्यापक जांच में यह पाया गया कि एयरलाइन ने नियमों का पालन नहीं किया।

### इंडिगो पर जुर्माना

हाल में देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो पर भी 1.20 करोड़ रुपये का भारी जुर्माना लगाया गया था। मुंबई एयरपोर्ट का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था जिसमें यात्री इंडिगो के विमान के करीब बैठकर खाना खाते दिख रहे थे। सिविल एविएशन मिनिस्टर ज्योतिरादित्य सिंधिया ने इस पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा था कि इस तरह के व्यवहार को बर्दाश्त नहीं किया जा सकता है।

# महिन्द्रा युनिवर्सिटी ने सिविल इंजीनियरिंग में शिक्षा एवं अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए ऑस्ट्रेलिया की ला ट्रोबे यूनिवर्सिटी के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर किया

**हैदराबाद** दिल्ली एनसीआर, - महिन्द्रा युनिवर्सिटी और ऑस्ट्रेलिया की ला ट्रोबे युनिवर्सिटी ने एक सहमति ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किया है। यह सिविल इंजीनियरिंग में विद्यार्थियों के लिए शिक्षा के अवसर बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस रणनीतिक गठबंधन का उद्देश्य विद्यार्थियों के लिए शिक्षा के अवसर बढ़ाना है और इसमें एक चार वर्ष का प्रोग्राम, एक समग्र विद्यार्थी आदान प्रदान पहल और फैकल्टी आदान प्रदान प्रोग्राम शामिल है। यह महिन्द्रा युनिवर्सिटी के विद्यार्थियों को अपने स्नातक प्रोग्राम के अंतिम दो वर्ष ला ट्रोबे युनिवर्सिटी में पूरा करने का अनूठा अवसर देगा और साथ ही एक विश्वविख्यात अकादमिक वातावरण उपलब्ध कराएगा जिससे उन्हें




अंतरराष्ट्रीय अनुभव मिलेगा। इस गठबंधन के तहत ला ट्रोबे युनिवर्सिटी इस प्रोग्राम में भागीदारी कर रहे विद्यार्थियों को सालाना 9500 ऑस्ट्रेलियाई डालर मूल्य की छात्रवृत्ति की पेशकश करेगा। ऑस्ट्रेलिया में दो वर्ष का अध्ययन पूरा करने पर विद्यार्थी दो वर्ष का पोस्ट स्टडी वर्क परमिट प्राप्त करने के पात्र होंगे जिससे वैश्विक स्तर पर रोजगार प्राप्त करने की संभावनाएं बढ़ेंगी। बेंडिगो कैंपस चुनने पर पोस्ट स्टडी वर्क की अवधि और दो वर्ष के लिए बढ़ जाएगी जिससे ऑस्ट्रेलिया में करियर बनाने के इच्छुक विद्यार्थियों के लिए बेहतर विकल्प उपलब्ध होंगे। महिन्द्रा युनिवर्सिटी के कुलपति डाक्टर यजुलु मेदुरी के मुताबिक, ÷यह एमओयू सिविल इंजीनियरिंग अनुसंधान और नवप्रवर्तन के क्षेत्र में भावी नेताओं को पोषण प्रदान करने की दिशा में हमारे प्रयासों में एक महत्वपूर्ण कीर्तिमान है। इस साझीदारी से विद्यार्थियों को अत्याधुनिक ज्ञान, उद्योग प्रासंगिक कौशल और एक वैश्विक दृष्टिकोण तक पहुंच उपलब्ध होगा जो उन्हें एक अंतरराष्ट्रीय मंच पर सफल करियर के लिए तैयार करेगा।

# सोनी और जी की डील टूटने से मुकेश अंबानी के हाथ लगा जैकपॉट!

## हो सकता है दो अरब डॉलर का फायदा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** जी एंटरटेनमेंट और सोनी के बीच 10 अरब डॉलर की डील टूटने से मुकेश अंबानी के हाथ जैकपॉट लग सकता है। अंबानी की कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज ने डिज्नी स्टार को खरीदने की डील की है। लेकिन जी और सोनी की डील टूटने से डिज्नी स्टार को आईसीसी के मीडिया राइट्स से भारी नुकसान हो सकता है। अगर ऐसा होता है तो अंबानी उसकी वैल्यूएशन को दो अरब डॉलर तक कम कर सकते हैं। दरअसल सोनी के साथ डील टूटने के बाद जी ने आईसीसी के साथ 1.5 अरब डॉलर की सब-लाइसेंसिग डील को पूरा करने में असमर्थता जताई है। उसका कहना है कि आईसीसी टीवी के साथ डिज्नी स्टार का कॉन्ट्रैक्ट जी




और सोनी के सफल मर्जर पर निर्भर था। हालांकि डिज्नी स्टार ने जी के इस दावे पर सवाल उठाए हैं। आईसीसी राइट्स की बिडिंग में शामिल एक दिग्गज मीडिया कंपनी के अधिकारी ने कहा कि आईसीसी डील से डिज्नी स्टार को 1.5 अरब डॉलर का नुकसान हो सकता है। एक सूत्र ने बताया कि रिलायंस इंडस्ट्रीज और डिज्नी के बीच चल रही बातचीत में शामिल लोगों की सोनी-जी मर्जर पर नजर थी। इसकी वजह यह थी कि आईसीसी टीवी की डील इससे जुड़ी हुई है। इसका डिज्नी स्टार की वैल्यूएशन से सीधा संबंध है।

# विकास लाइफकेयर लिमिटेड ने दुबई स्थित "स्काई 2.0 क्लब" में स्टेक अधिकरण किया

**नई दिल्ली ।** विकास लाइफकेयर लिमिटेड ने मशहूर ÷स्काई 2.0 क्लब÷, दुबई में प्रमुख हिस्सेदारी के अधिग्रहण में अब तक का सबसे बड़ा इन्वेस्टमेंट किया है। यह अधिग्रहण विकास लाइफकेयर लिमिटेड और होल्डिंग कंपनी मेसर्स ब्लू स्काई इवेंट हॉल एफजेड-एलएलसी, दुबई के बीच स्काई 2.0 क्लब बिज़नेस में 60त्न हिस्सेदारी और संबंधित बिज़नेस सेग्मेंट में भविष्य के सभी बिज़नेस वेंचर्स के अधिग्रहण के लिए हस्ताक्षरित एक लगभग 130 मिलियन अमरीकी डालर के इंटरप्राइज वैल्यूएशन की शेयर स्वैप डील है। अधिग्रहण की प्रक्रिया इसी वित्तीय वर्ष में पूरी कर ली जायेगी. स्काय 2.0 ÷मिडल ईस्ट और एशिया में सबसे बड़ा नाइट क्लब है÷, यह एक शानदार स्टैंडअलोन, ओपन-एयर वेन्यू है जो कि ÷दुबई डिज़ाइन डिस्ट्रिक्ट÷ के केंद्र में स्थित है। स्काय 2.0 किसी भी अन्य स्थल से अलग है; एक अनुभव करने योग्य पथप्रदर्शक है जो सचमुच आसमान के नीचे यादगार शाम का वादा करता है, साथ ही वर्ल्ड-क्लास एंटरटेनमेंट, अभूतपूर्व तकनीक और अनुकरणीय सेवा की गारंटी देता है। इनोवेटिव और एक्सपेरिएंटिएल, स्काय 2.0 आयोजन स्थल में मॉडर्न टेक्नोलॉजी का उपयोग करके एक इंटरैक्टिव अनुभव प्रदान करता है। बेंडेबल स्क्रीन, भव्य प्रकाश डिज़ाइन, और एक जीवंत और मनोरंजक ध्वनि प्रणाली स्फीयर शेप्ड की दीवारों को कवर करती है। रहस्यमय और पूर्णता के लिए डिज़ाइन किया गया, स्काय 2.0 का वास्तुशिल्प चमत्कार दूरदर्शी नाइटलाइफ़ एक्सपर्ट और अंतर्राष्ट्रीय वास्तुकारों के एक सीमलेस फ्यूज़न से उभरता है, जिसके परिणामस्वरूप एक मास्टरपीस बनता है जो इंद्रियों को मंत्रमुग्ध कर देती है। स्काई 2.0 क्लब ने सैकड़ों स्टार-स्टडेड इवेंट्स को होस्ट किया है, जैसे किंग ऑफ इंडियन फिल्म इंडस्ट्री ÷शाहरुख खान÷, स्वदेशी रैप स्टार ÷बादशाह÷= अंतर्राष्ट्रीय रैप सेंसेशन ÷लिटिल बेबी÷; अमेरिकी रैप किंग ÷50 सेंट÷; मोरक्कन स्टार ÷फ़्रेंच मोंटाना÷ तथा और भी अनेक लोग इस फेहरिस्त में शामिल हैं। स्काय 2.0 ने 2023 के दौरान व्यवसाय से लगभग 22.10 मिलियन अमेरिकी डॉलर का ग्रॉस रेवेन्यू प्राप्त किया, जिसमें लगभग 38.80त्न नेट प्रॉफिट मार्जिन और पिछले वर्ष की तुलना में रेवेन्यू में लगभग 36त्न की ग्रोथ दर्ज की गई। ग्लोबल लेवल पर नाइट क्लब का कारोबार 8.07त्न की सीएजीआर (ष्टत्रक्र) में तेजी के साथ लगभग 31.46 बिलियन अमेरिकी डॉलर का है, जबकि एक तरफ विकास लाइफकेयर लिमिटेड (वीएलएल) का घरेलू स्थान, भारत, जहां 25 साल से कम उम्र की 25त्न आबादी है, यहां भारतीय लोगों की डिस्पोजेबल इनकम में वृद्धि हो रही है, यह हद से अधिक 17.4त्न की दर से बढ़ रही हैं, और मॉडर्न कल्चरल आदर्श की ओर शिफ्ट, एक विशाल, वर्जिन और विशिष्ट बाज़ार प्रदान करता है, जो क्लबिंग व्यवसायों से उत्पन्न ग्लोबल रेवेन्यू द्वारा लगाए गए आंकड़ों में केवल एक बिंदु है। विकास लाइफकेयर लिमिटेड (वीएलएल) एक आईएसओ 9001=2015 सर्टिफाइड कंपनी है, जो प्लास्टिक, सिंथेटिक और नेचुरल रबर के लिए पॉलिमर, रबर कंपाउंड और एडिटिव्स के व्यापार और निर्माण में लगी हुई है। कंपनी परंपरागत रूप से अनेक बिज़नेस सेग्मेंट्स में लगी हुई है, जैसे पॉलिमर और रबर कमोडिटी (थोक खपत) कंपाउंड और मास्टर बैच (ईवीए, पीवीसी, पीपी, पीई आदि जैसे इंडस्ट्रीयल और पोस्ट कंज्यूमर वेस्ट मैटेरियल से अप-साइकिल कंपाउंड का निर्माण),भारत सरकार की ओर से एनवायरनमेंट प्रोटेक्शन पहल और सैकड़ों-हजारों टन प्लास्टिक प्रोडक्ट्स और पैकेजिंग मटेरियल का उपभोग करने वाले समूहों के लिए अनिवार्य ईपीआर दायित्वों को पूरा करने में मदद कर रही है।

विकास लाइफकेयर लिमिटेड (वीएलएल) ओएनजीसी (ऑयल और नेचुरल गैस कॉर्पोरेशन लिमिटेड) पेट्रो एडिशन लिमिटेड का एक डेल-क्रेडेरे एजेंट भी है, जो एक पब्लिक सेक्टर का उपक्रम है जो विभिन्न प्रकार के बेस पॉलिमर और कमोडिटी प्लास्टिक कच्चे माल का उत्पादन करता है।

# ओरा फाइन ज्वैलरी ने 45-दिवसीय 'डायमंड फेस्टिवल' की घोषणा की

**नई दिल्ली ।** एक नए साल की सुबह नएपन के एहसास और नई आशाओं के साथ आती है, और इस अवसर पर ओरा ने अपने ग्राहकों के लिए अद्वितीय नक्क़ाशी और डिज़ाइन के साथ 'डायमंड फेस्टिवल' शुरू किया है। डायमंड फेस्टिवल में ग्राहकों को मौसम के अनुकूल नए ट्रेंड्स और वाइब्रेंट कलर्स में उत्कृष्ट डायमंड ज्वैलरी ख़रीदने का अवसर मिलेगा। यह कलेक्शन हीरे के टाइमलेस आकर्षण के साथ समकालीन शैली का तालमेल प्रतिबिंबित करेगा। इस डायमंड फेस्टिवल में ओरा ग्राहकों को मौजूदा ट्रेंड्स और कलर्स में डायमंड के शानदार कलेक्शंस देखने और नए साल के उत्साह में शामिल होने के लिए आमंत्रित कर रहा है। यह उत्सव नई शुरुआत और अद्वितीय

सुंदरता का है, जिसमें हर चमचमाता पार्श्व नए साल की भावना को समेटे हुए है। गर्मियों में सूर्यास्त की गर्माहट के आलिंगन से




प्रेरित ये आभूषण नारंगी रंग में सुनहरी फसल के आभास के साथ क्लासिक एमरल्ड के हरे रंग में आपके आभूषण संग्रह के लिए बिलकुल उपयुक्त हैं।

ओरा डायमंड फेस्टिवल विशेष पेशकशों के साथ एक आकर्षक अनुभव लेकर आया है। इस मोहक अनुभव की शुरुआत हमारे खूबसूरती से बनाए गए हार और झुमके सेट शोभायमान होते हुए कर रहे हैं। इसका एक मुख्य आकर्षण एक्सक्लूसिव बॉक्स सेट है, जिसकी कीमत ?149,999 के आकर्षक मूल्य से शुरू होती है। यह लक्ज़री से कोई समझौता किए बिना काफ़ी किफ़ायती मूल्य में उपलब्ध है। इस सीज़न के सबसे आवश्यक आभूषण, एक कैरेट सॉलिटेयर लुक वाले क्लासिक इयररिंग्स हैं, जो मैचिंग पेंडेंट और इयररिंग्स के साथ स्टाइल और खूबसूरती को बढ़ाते हैं। ओरा फाइन ज्वेलरी के मैनेजिंग डायरेक्टर, श्री दीपू मेहता ने कहाँ हिंम अपने ग्राहकों को बेहतरीन हीरों की दुनिया में विशिष्टता और विश्वास प्रदान करने की अपनी अटूट प्रतिबद्धता के साथ ले जाते हैं।



## रोहन बोपन्ना की ऑस्ट्रेलियन ओपन के सेमीफाइनल में एंट्री

**नई दिल्ली**–ऑस्ट्रेलिया ओपन से भारत के लिए खुशखबरी है। दरअसल, दिग्गज खिलाड़ी रोहन बोपन्ना अपने पार्टनर मैथ्यू एब्डेन के साथ टूर्नामेंट के डबल्स में सेमीफाइनल में पहुंच गए हैं। उन्होंने सीधे सेटों में जीत दर्ज की है। क्वार्टर फाइनल मुकाबले में रोहन और एब्डेन की जोड़ी ने मैक्सिमो गोंजालेज और एंड्रेस मोल्टेनी की छठी वरीयता प्राप्त अर्जेंटीना की जोड़ी को मात दी है। इस तरह रोहन बोपन्ना मेन्स डबल्स टेनिस इतिहास में वर्ल्ड नंबर 1 बनने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गए हैं। 43 साल की उम्र में बोपन्ना ने ऑस्ट्रेलियन ओपन 2024 के अंत तक नंबर 1 स्थान पक्का कर लिया है। वहीं बोपन्ना के सबसे सफल पार्टनर्स में से एक मैथ्यू एब्डेन का मेंस डबल्स रैंकिंग में नंबर 2 स्थान पर पहुंचना तय हो गया है। बता दें कि, मैथ्यू ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी हैं। एब्डेन ने यहां एक घंटे और 46 मिनट तक चले क्वार्टर फाइनल में छठी वरीयता प्राप्त अर्जेंटीना की मैक्सिमो गोंजालेज और आंद्रेस मोल्टेनी की जोड़ी पर 6-4, 7-6 (5) से आसान जीत दर्ज की है। सेमीफाइनल में बोपन्ना और एब्डेन का मुकाबला गैर वरीय टॉमस मचाक और झिझेन झांग से होगा। चेक गणराज्य-चीन की इस जोड़ी ने पिछले हफ्ते की शुरुआत में मेलबर्न में तीसरे वरीय और यूएस ओपन चैंपियन राजीव राम और जो सैलिसबरी को दूसरे दौर में हराया था। इसके पहले अमेरिका के राजीव राम नंबर 1 पर पहुंचने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बने थे, जब उन्होंने अक्टूबर 2022 में 38 साल में अपने करियर में पहली बार टॉप रैंकिंग हासिल की थी। बोपन्ना ने 2013 में पहली बार वर्ल्ड नंबर-3 की अपनी सर्वोच्च रैंकिंग हासिल की थी। वह लिएंडर पेस, महेश भूपति और सानिया मिर्जा के बाद डबल्स में वर्ल्ड नंबर-1 बनने वाले चौथे भारतीय खिलाड़ी हैं।

## भारत की युवा ब्रिगेड के सामने आयरलैंड की आसान चुनौती

**नई दिल्ली**–भारत की युवा ब्रिगेड आईसीसी अंडर 19 विश्व कप के दूसरे लीग मैच में गुरुवार को आयरलैंड से खेलेगी तो आने वाले कठिन मुकाबलों से पहले बल्लेबाजी का अच्छा अभ्यास करने पर उसकी नजरें होंगी। भारत ने एकतरफा रहे पहले मैच में बांग्लादेश को 84 रन से हराया। अब आयरलैंड के खिलाफ उसके पास प्रयोग का मौका है क्योंकि अगले सप्ताह से सुपर सिक्स चरण में कठिन प्रतिद्वंद्वियों का सामना करना होगा।आयरलैंड ने पहले मैच में अमेरिका को हराया लेकिन दूसरे मैच में बांग्लादेश से पराजय का सामना करना पड़ा। भारत के सामने चुनौती विरोधी टीम नहीं बल्कि अपने ही प्रदर्शन का स्तर बेहतर करने की होगी। आधुनिक दौर के क्रिकेट को ध्यान में रखकर बल्लेबाजों को अपनी शैली में सुधार करना होगा। कप्तान उदय सहारन ने पहले मैच में 64 और आदर्श सिंह ने 76 रन बनाये लेकिन उनका स्ट्राइक रेट क्रमश- 79 और 68 रहा जो आधुनिक समय में अस्वीकार्य है।



# मुझे नहीं लगता कि हम अपराजेय हैं

### इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज से पूर्व बोले रोहित शर्मा

**हैदराबाद, एजेंसी**-भारतीय टीम को उसकी धरती पर हराना भले ही दुरूह हो लेकिन कप्तान रोहित शर्मा ने बुधवार को कहा कि उनकी टीम 'अपराजेय नहीं है और इंग्लैंड को पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला मे हराने के लिए उसे लगातार अच्छा क्रिकेट खेलना होगा।

भारत और इंग्लैंड के बीच पहला टेस्ट कल 25 जनवरी से यहां शुरू हो रहा है। रोहित ने कहा कि उनका मूल फोकस टीम की रणनीति पर होगा। भारत को आखिरी बार अपनी धरती पर 2012 में एलेस्टेयर कुक की कप्तानी वाली इंग्लैंड टीम ने टेस्ट श्रृंखला में 2-1 से हराया था। उसके बाद से भारत ने लगातार 16 श्रृंखलायें जीती है जिनमें सात में 'क्लीन स्वीप किया है।

रोहित ने मैच से पूर्व प्रेस कांफ्रेंस में कहा, 'मुझे नहीं लगता कि हम अपराजेय हैं। हम ऐसा सोचना नहीं चाहते। पिछले एक दशक में जो भी रिकॉर्ड हो, वह इस बात की गारंटी नहीं है कि हम यह श्रृंखला भी जीतेंगे। हमें इसके लिए अच्छा प्रदर्शन करना होगा।

रोहित ने यह भी कहा कि केपटाउन में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरे टेस्ट में मिली जीत से टीम का आत्मविश्वास बढ़ा है। उन्होंने कहा, 'केपटाउन में मिली जीत अच्छी थी लेकिन यह मैच हैदराबाद में है। हालात अलग हैं और विरोधी टीम भी। लेकिन उस जीत से आत्मविश्वास काफी बढ़ा है जो इस श्रृंखला में काम आएगा।

## पहले दो मैचों में कोहली की जगह लेंगे रजत पाटीदार

**नई दिल्ली**–दाएं हाथ के बल्लेबाज रजत पाटीदार को बुधवार को इंग्लैंड के खिलाफ भारत के पहले दो टेस्ट मैचों में विराट कोहली की जगह दी गई है। पाटीदार ने 21 दिसंबर 2023 को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीसरे वनडे मैच में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया था, जहां उन्होंने मेन इन ब्लू के लिए ओपनिंग की और 16 गेंदों में 137.50 की स्ट्राइक रेट के साथ 22 रन बनाए। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सूत्रों के हवाले से जानकारी सामने आई है।



पिछले हफ्ते पाटीदार भारत ए टीम के लिए खेले और अहमदाबाद में इंग्लैंड लायंस के खिलाफ 151 रन बनाए। दाएं हाथ का बल्लेबाज इस समय अपने फॉर्म में है जिससे मेजबान टीम को इंग्लैंड के खिलाफ आगामी टेस्ट सीरीज में मदद मिलेगी। हालांकि 30 वर्षीय बल्लेबाज ने अभी तक भारत के लिए टेस्ट में डेब्यू नहीं किया है। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में पाटीदार ने 12 मैच खेलकर 40.4 की औसत और 144.29 की स्ट्राइक रेट से 404 रन बनाए।

सोमवार को बीसीसीआई ने घोषणा की कि भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली व्यक्तिगत कारणों से इंग्लैंड के खिलाफ पहले दो टेस्ट मैचों से हट गए हैं। बीसीसीआई ने एक आधिकारिक बयान में कहा, विराट कोहली ने निजी कारणों का हवाला देते हुए भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) से इंग्लैंड के खिलाफ आगामी टेस्ट सीरीज के पहले दो टेस्ट से हटने का अनुरोध किया है। आगे कहा गया, बीसीसीआई मीडिया और प्रशंसकों से अनुरोध करता है कि वे इस दौरान विराट कोहली की गोपनीयता का सम्मान करें और उनके व्यक्तिगत कारणों की प्रकृति पर अटकलें लगाने से बचें। ध्यान भारतीय क्रिकेट टीम के समर्थन पर रहना चाहिए क्योंकि वे टेस्ट श्रृंखला में आगामी चुनौतियों का सामना कर रहे हैं।

## पहले 2 दिन नहीं मिलेगी टर्न, टॉस निभाएगी मुख्य भूमिका: द्रविड़

**हैदराबाद**–भारत के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ को उम्मीद है कि इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट के लिए पिच 'अच्छी% होगी, लेकिन खेल के आगे बढ़ने के साथ ही इससे स्पिनरों के लिए ज्यादा मदद होगी। टेस्ट मैच से 2 दिन पहले पिच काफी सूखी दिख रही थी खास कर दोनों छोर के गुड लेंथ क्षेत्र के आस-पास।

द्रविड़ ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पिच के बारे में अभी कुछ कहना मुश्किल है। जब मैच शुरू होगा हम तब इसके बारे में पता करेंगे। मैंने जो देखा है उसमें यह पिच अच्छी दिख रही है। उन्होंने कहा कि पिच से हालांकि स्पिनरों को टर्न मिलेगा। कितनी जल्दी और कितनी तेजी इस बारे में मैं अभी कुछ नहीं कह सकता हूं। खेल जैसे-जैसे आगे बढ़ेगा निश्चित रूप से गेंद को अधिक टर्न मिलेगी।

दूसरी ओर इंग्लैंड के तेज गेंदबाज मार्क वुड ने स्वीकार किया कि उनकी टीम ने भी पिच के बारे में चर्चा की है। उन्होंने कहा कि हमने पिच पर चर्चा की है। हम इसे लेकर ज्यादा चिंतित नहीं है। हमारे समूह में इतना आत्मविश्वास है कि हम कुछ खास कर सकते हैं। हमारे पास स्पिनर है, हमारे पास तेज गेंदबाज हैं, हमारे पास अच्छे बल्लेबाज हैं और हाल के दिनों में हमारा प्रदर्शन काफी अच्छा रहा है।



उन्होंने कहा कि यह काफी मुश्किल होगा क्योंकि हम ऐसी पिचों पर खेलने के आदी नहीं है। हमें इसका तरीका ढूंढना होगा। वुड ने कहा कि हम खुद को इन पिचों के मुताबिक ढालेंगे। हमारे पास ऐसा कप्तान है जो हमेशा मैच को आगे ले जाने की सोचता है। ऐसे में यह मनोरंजक श्रृंखला होगी। इंग्लैंड के बल्लेबाजों के हालांकि यह इतना आसान नहीं होगा।हैदराबाद क्रिकेट संघ के एक अधिकारी ने बताया कि हमारे पास पिच तैयार करने के लिए पर्याप्त समय है। इससे बल्लेबाजों और गेंदबाजों दोनों को मदद मिलेगी, लेकिन जैसे-जैसे मैच आगे बढ़ेगा, इसमें बदलाव आएगा। मुझे लगता है कि खिलाड़ियों के पास इन परिस्थितियों के मुताबिक खुद को ढालने का पर्याप्त अनुभव है। भारतीय खिलाड़ी ने गुरुवार को यहां नेट अभ्यास सत्र में भाग लिया। टीम के लिए यह वैकल्पिक सत्र था लेकिन तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को छोड़कर सभी खिलाड़ियों ने 2 घंटे से अधिक के इस सत्र में भाग लिया।

# इंग्लैंड ने किया प्लेइंग 11 का ऐलान, 24 वर्षीय स्पिनर करेगा डेब्यू

**हैदराबाद**- इंग्लैंड ने भारत के खिलाफ हैदराबाद के राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में खेले जाने वाले पहले टेस्ट के लिए अपनी प्लेइंग इलेवन की पुष्टि कर दी है। मेहमान टीम 24 वर्षीय बाएं हाथ के स्पिनर टॉम हार्टले को पदार्पण का मौका मिला है, जबकि वीजा मिलने में देरी के कारण शोएब बशीर को मुकाबले से बाहर कर दिया गया है। वह अभी तक भारत में टीम में शामिल नहीं हुए हैं लेकिन श्रृंखला की शुरुआत के दौरान उनके देश पहुंचने की उम्मीद है। हार्टले ने अब तक अपने करियर में 20 प्रथम श्रेणी मैच खेले हैं और 40 विकेट लिए हैं, जिसमें उनके नाम पांच विकेट हैं।

प्लेइंग इलेवन की बात करें तो, टॉम हार्टले के अलावा रेहान अहमद और जैक लीच लाइन-अप में अन्य दो स्पिनर हैं जबकि पूर्व कप्तान जो रूट का टीम में चौथा स्पिनर बनना तय है। दिलचस्प बात यह है कि मार्क वुड के रूप में केवल एक तेज गेंदबाज को सीरीज के शुरुआती मैच के लिए टीम में जगह मिली है जबकि जेम्स एंडरसन के नाम पर हैदराबाद टेस्ट के लिए विचार नहीं किया गया है।



कप्तान स्टोक्स अपने घुटने की समस्या के कारण विशेषज्ञ बल्लेबाज के रूप में खेलने के लिए तैयार हैं, जबकि जैक क्रॉली और बेन डकेट पारी की शुरुआत करना जारी रखेंगे जबकि ओली पोप तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करेंगे। रूट अपना पसंदीदा नंबर चौथा स्थान लेंगे जबकि दो विकेटकीपर जॉनी बेयरस्टो और बेन फोक्स क्रमशः पांचवें और सातवें नंबर पर बल्लेबाजी करेंगे। दिलचस्प बात यह है कि ईसीबी ने अपनी प्रेस विज्ञप्ति में यह स्पष्ट रूप से उल्लेख नहीं किया है कि विकेटकीपिंग की जिम्मेदारी कौन संभालेगा। लेकिन फॉक्स अब तक इस भूमिका के लिए सबसे संभावित उम्मीदवार दिखते हैं। बशीर और एंडरसन के अलावा अन्य खिलाड़ी ओली रॉबिन्सन और गस एटकिंसन हैं जो पहले टेस्ट में नहीं खेल पाएंगे।

**भारत के खिलाफ पहले टेस्ट के लिए इंग्लैंड की प्लेइंग इलेवन**

जैक क्रॉली, बेन डकेट, ओली पोप, जो रूट, जॉनी बेयरस्टो, बेन स्टोक्स (कप्तान), बेन फॉक्स, रेहान अहमद, मार्क वुड, टॉम हार्टले, जैक लीच

# इंग्लैंड ने बैजबॉल खेला तो मैच डेढ़ या दो दिन में खत्म हो सकता है: सिराज



**हैदराबाद**- इंग्लैंड के खिलाफ बहुप्रतीक्षित टेस्ट सीरीज की पूर्व संध्या पर भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज का मानना है कि अगर मेहमान टीम अपने इरादे (बैजबॉल रणनीति) पर अड़ी रही तो मैच डेढ़ या दो दिन में खत्म हो सकता हैं। इंग्लैंड ने आखिरी बार 12 साल पहले भारत में टेस्ट सीरीज जीती थी, जहां एलिस्टर कुक कप्तान थे और स्पिनर ग्रीम स्वान और मोंटी पनेसर के साथ केविन पीटरसन ने 2-1 की जीत में प्रमुख भूमिका निभाई थी। 2021 के दौरे में इंग्लैंड ने चेन्नई में शुरुआती टेस्ट जीता था, लेकिन अगले तीन मैट हारकर भारत से श्रृंखला 3-1 से हार गई।

2012 में इंग्लैंड से 2-1 से हारने के बाद भारत 16 घरेलू टेस्ट श्रृंखलाओं में अजेय है। इस बीच बेन स्टोक्स-ब्रेंडन मैकुलम नेतृत्व समूह के तहत इंग्लैंड ने अभी तक एक भी टेस्ट श्रृंखला नहीं हारी है। सिराज ने जियोसिनेमा पर कहा, अगर इंग्लैंड भारतीय परिस्थितियों में बैजबॉल खेलता है, तो मैच डेढ़ या दो दिन में खत्म हो सकता है। यहां हर बार हिट करना आसान नहीं है क्योंकि गेंद कभी-कभी मुड़ती है और अन्य मौकों पर सीधी जाती है। इसलिए मुझे लगता है कि यहां बैजबॉल को देखना मुश्किल होगा। लेकिन अगर वे इसे खेलते हैं, तो यह हमारे लिए अच्छा होगा क्योंकि मैच जल्दी खत्म हो सकता है।

केपटाउन में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ भारत के आखिरी टेस्ट में, जो इस प्रारूप के इतिहास का सबसे छोटा मैच भी है, सिराज ने प्रोटियाज बल्लेबाजों को 6/15 के शानदार स्पैल से ध्वस्त कर दिया। इसके बाद इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट की तैयारी को ध्यान में रखते हुए उन्हें अफगानिस्तान के खिलाफ टी20ढ्ढ से आराम दिया गया।

### रनों पर नियंत्रण रखना मेरा लक्ष्य

सिराज ने कहा, भारत के उनके पिछले दौरे पर, मैच जल्दी खत्म हो रहे थे। उस श्रृंखला में (2021 में) मुझे लगता है कि मैंने दो मैच खेले। इनमें से एक की पहली पारी में मैंने पांच ओवर फेंके और जो रूट और जॉनी बेयरस्टो के विकेट लिए। इसलिए मैं जितने भी ओवर फेंकूं, उसमें रनों पर नियंत्रण रखना मेरा लक्ष्य होगा। अगर मुझे विकेट मिलते हैं तो ठीक है, लेकिन मुझे धैर्य रखना होगा और बल्लेबाजों पर दबाव बनाना जारी रखना होगा। मैं हैदराबाद में अपने सभी प्रशंसकों का इंतजार कर रहा हूं। खेल के लिए आएं। हम उनसे बहुत प्यार करते हैं और उनके समर्थन की आशा करते हैं।

### निरंतरता को प्रदर्शन का श्रेय दिया

सिराज ने खेल की विभिन्न परिस्थितियों और प्रारूपों में अच्छी तरह से ढलने के लिए अपने प्रदर्शन में निरंतरता को भी श्रेय दिया। उन्होंने कहा, मैं नई गेंद से गेंदबाजी करता हूं, इसलिए मेरी लाइन और लेंथ वही रहती है। मैं चीजें नहीं बदलता, चाहे वह सफेद गेंद हो या लाल। आपको पांच-छह मीटर की लैंथ में गेंदबाजी करनी होगी, क्योंकि नई गेंद के साथ आपको विकेट हासिल करने के लिए इसे पिच करना होगा। उन्होंने कहा, अगर गेंद स्विंग नहीं करती है, तो आपको लंबाई को थोड़ा समायोजित करना होगा। इसलिए मैं निरंतरता खोजने की कोशिश करता हूं और नई गेंद को उसी स्थान पर पिच कराता रहता हूं। चाहे वह नई गेंद हो या पुरानी, मैं इसी पर ध्यान केंद्रित करता हूं। उस निरंतरता ने मुझे अब तक विकेट लेने में मदद की है।

### मैदान के अंदर अपने स्वभाव पर बोले सिराज

मैदान के अंदर और बाहर अपने स्वभाव में अंतर के बारे में सिराज ने कहा, एक तेज गेंदबाज के रूप में मुझे गुस्सा आता है जब कोई मुझे चौका मारता है। मुझे ऐसा लगता है कि मैं उनका हेलमेट तोड़ दूं या अगली गेंद पर उन्हें आउट कर दूं। इसलिए मैं यह सुनिश्चित करता हूं कि मैं हमेशा उत्साहित रहूं और बल्लेबाज को डर महसूस कराऊं। 25 जनवरी को हैदराबाद में पहले मैच के बाद भारत और इंग्लैंड श्रृंखला के अन्य मैच विशाखापत्तनम (2-6 फरवरी), राजकोट (15-19 फरवरी), रांची (23-27 फरवरी) और धर्मशाला (7-11 मार्च) में खेलेंगे।

## वेस्टइंडीज से भिड़ने के लिए ऑस्ट्रेलिया ने टी20 टीम की घोषणा की

**नई दिल्ली**– क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने बुधवार को आगामी तीन मैचों की श्रृंखला में वेस्टइंडीज के खिलाफ 14 सदस्यीय टी20आई टीम की घोषणा की, जो 9 फरवरी से शुरू होगी। बल्लेबाजी ऑलराउंडर मिशेल मार्श को कप्तान बनाया गया है जबकि ग्लेन मैक्सवेल की वापसी हुई है। टेस्ट और वनडे फॉर्मेट से संन्यास ले चुके डेविड वॉर्नर को टी20 टीम में शामिल किया गया है। वॉर्नर के अलावा टिम डेविड और मार्कस स्टोइनिस को भी टीम में रखा गया है। फरवरी के अंत में न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20आई श्रृंखला से पहले अपने कार्यभार को प्रबंधित करने के लिए पैट कमिंस, मिशेल स्टार्क और स्टीव स्मिथ को आराम दिया गया है। 2022 में आरोन फिंच के टी20आई से संन्यास लेने के बाद ऑस्ट्रेलियाई चयनकर्ताओं ने अभी तक 20 ओवर के प्रारूप में अपने स्थायी कप्तान की पुष्टि नहीं की है। दक्षिण अफ्रीका पर 3-0 की जीत के दौरान मार्श ने ऑस्ट्रेलियाई टीम का नेतृत्व किया। हालांकि विकेटकीपर बल्लेबाज मैथ्यू वेड ने भारत दौरे के दौरान टीम की कमान संभाली। तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड को भी 50 ओवर की श्रृंखला से आराम देने के बाद कैरेबियाई टीम का सामना करने के लिए टी20 टीम में शामिल किया गया है। चूंकि हेजलवुड इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 की नीलामी के दौरान अनसोल्ड रहे, इसलिए वेस्टइंडीज और न्यूजीलैंड के खिलाफ श्रृंखला 33 वर्षीय खिलाड़ी के लिए विश्व कप से पहले 20 ओवर के प्रारूप में खेलने का आखिरी मौका होगा।





# इंडिया-मालदीव विवाद के चलते पोस्टपोन हुई सलमान की 'द बुल'


सलमान खान और करण जौहर 25 साल बाद साथ काम करने जा रहे हैं। इस प्रोजेक्ट का नाम 'द बुल' है जिसे करण जौहर प्रोड्यूस कर रहे हैं। सलमान इसमें आर्मी ऑफिसर के रोल में नजर आएंगे। फिल्म की टीम पिछले साल 28 दिसंबर को मुंबई के फिल्मसिटी में मुहूर्त के लिए इकट्ठी हुई थी। इस दौरान यह कन्फर्म किया गया था कि फिल्म फरवरी 2024 में फ्लोर पर जाएगी। अब बॉलीवुड हंगामा की एक रिपोर्ट की मानें तो डायरेक्टर विष्णुवर्धन के निर्देशन में बनने वाली इस फिल्म की शूटिंग दो महीने के लिए पोस्टपोन हो गई है। ऐसा इंडिया और मालदीव के बीच चल रहे विवाद के चलते हुआ है।

### 2 महीनों के लिए पोस्टपोन हुई है शूटिंग

फिल्म से जुड़े एक सूत्र की मानें तो, 'करण, विष्णु और सलमान को इस फिल्म का स्क्रीनप्ले तय करने में अभी थोड़ा और वक्त लगेगा। वो अपनी स्क्रिप्ट में कुछ बदलाव कर रहे हैं और भारत-मालदीव के बीच रिश्ते सुधरने का इंतजार कर रहे हैं। जैसे ही सब कुछ ठीक हो जाएगा मेकर्स इस फिल्म की शूटिंग शुरू कर देंगे। फिलहाल के लिए फरवरी शेड्यूल को लगभग 2 महीने के लिए पोस्टपोन कर दिया गया है।' सूत्र ने आगे बताया, 'इन दिनों जहां विष्णु फिल्म की कहानी में चेंज कर रहे हैं, वहीं करण फिल्म की शूटिंग से जुड़े दूसरे तौर-तरीकों पर विचार कर रहे हैं। इसी बीच सलमान बाकी स्क्रिप्ट्स भी पढ़ रहे हैं।'

### ऑपरेशन कैक्टस पर बेस्ड है 'द बुल'

फिल्म 'द बुल' की कहानी 1988 में हुए फेमस ऑपरेशन कैक्टस पर बेस्ड है। यह ऑपरेशन इंडियन आर्मी ने मालदीव को टैरर अटैक से बचाने के लिए किया था। सलमान इस फिल्म के लिए पहले से ही वजन कम करने की ट्रेनिंग कर रहे हैं। वो इसमें आर्मी ऑफिसर का रोल करने वाले हैं।



# 2024 में बॉलीवुड में दिखेंगी नई फिल्मी जोड़ियां


**कल्कि में पहली बार साथ दिखेंगे प्रभास-दीपिका**
**28 साल छोटी राधिका मदान के साथ काम करेंगे अक्षय**

बॉलीवुड की फिल्मों में हर साल नई फिल्मी जोड़ियां लॉन्च की जाती हैं। 2024 में भी ये ट्रेंड देखने को मिलेगा। हाल ही में आई फिल्म मैरी क्रिसमस में कटरीना कैफ और विजय सेतुपति का फ्रेश पेयर सामने आया। इस नई जोड़ी को फैंस ने पसंद भी किया है। इसी तरह ऑनस्क्रीन और कौन सी जोड़ियां बॉक्स-ऑफिस पर नजर आएंगी।

### दीपिका पादुकोण और प्रभास

इस साल की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक कल्कि 2898 ष्ठ में दीपिका पहली बार साउथ सुपरस्टार प्रभास के अपोजिट दिखाई देंगी। ये एक साइंस फिक्शन फिल्म होगी जिसे 9 मई, 2024 में रिलीज किया जाएगा। फिल्म में अमिताभ बच्चन भी अहम भूमिका में नजर आएंगे।

### राधिका मदान और अक्षय कुमार



तमिल हिट सोरारईपोटरू के ऑफिशियल रीमेक में राधिका मदान और अक्षय कुमार की जोड़ी नजर आएगी। अक्षय राधिका से 28 साल बड़े हैं। राधिका 28 साल की हैं जबकि अक्षय 56 साल के हैं।

### शाहिद कपूर और कृति सेनन

मैडॉक फिल्म्स की अगली फिल्म तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया में शाहिद कपूर और कृति सेनन पहली बार साथ काम करते नजर आएंगे। ये 9 फरवरी, 2024 को रिलीज होगी। फिल्म में कृति रोबोट और शाहिद साइंटिस्ट के किरदार में दिखेंगे।

### विक्की कौशल और रश्मिका मंदाना

लक्ष्मण उतेकर की फिल्म छावा में विक्की कौशल और रश्मिका मंदाना की जोड़ी पहली बार ऑनस्क्रीन नजर आएगी। ये 6 दिसंबर, 2024 को रिलीज होगी। 2023 में रश्मिका फिल्म एनिमल में रणबीर कपूर के अपोजिट नजर आई थीं जिनके साथ उनकी जोड़ी पसंद की गई।

### तृप्ति डिमरी और विक्की कौशल

एनिमल में जोया का किरदार निभाकर नेशनल क्रश बनीं एक्ट्रेस तृप्ति डिमरी की अगली फिल्म विक्की कौशल के साथ होगी। दोनों फिल्म मेरे महबूब मेरे सनम में नजर आएंगे जो कि एक रोमांटिक कॉमेडी है। करण जौहर ने पिछले साल इस फिल्म की रिलीज डेट शेयर की थी। यह फिल्म 23 फरवरी,2024 को रिलीज होनी है।

### अजय देवगन और वाणी कपूर



फिल्म रेड 2 में अजय देवगन पहली बार वाणी कपूर के साथ नजर आएंगे। फिल्म की शूटिंग छह जनवरी से शुरू हो गई है। वाणी ने एक इंटरव्यू में कहा है कि अजय देवगन के साथ काम करना उनका सपना था और वो इस फिल्म के जरिए पूरा हो रहा है जिससे वो बेहद खुश हैं। ये फिल्म नवंबर, 2024 में रिलीज होगी।

### शाहिद कपूर और पूजा हेगड़े

फिल्म देवा में शाहिद कपूर और पूजा हेगड़े की जोड़ी जमेगी। ये फिल्म इस साल दशहरे के मौके पर रिलीज होगी। फिल्म में शाहिद एक पुलिस ऑफिसर की भूमिका में दिखेंगे।

### पश्मीना रोशन और टाइगर श्रॉफ

एक अनटाइटल्ड प्रोजेक्ट में पश्मीना रोशन टाइगर श्रॉफ के साथ नजर आ सकती हैं। ये उनकी दूसरी फिल्म होगी जो कि इस साल के अंत तक रिलीज हो सकती है।

### राशि खन्ना और सिद्धार्थ मल्होत्रा

एक्शन से भरपूर फिल्म योद्धा में राशि खन्ना और सिद्धार्थ मल्होत्रा पहली बार स्क्रीन स्पेस शेयर करते दिखेंगे। इस फिल्म के डायरेक्टर पुष्कर ओझा और सागर आंबरे हैं। फिल्म करण जौहर के बैनर तले बनी है जो कि 15 मार्च, 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।





# सितारे जमीन पर और लाहौर 1947 के लिए तैयार आमिर

आमिर खान अपनी रोमांचक फिल्मों की शूटिंग शुरू करने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। वे फरवरी 2024 में दो बहुप्रतीक्षित फिल्मों सितारे जमीन पर और लाहौर- 1947 की शूटिंग शुरू करने की तैयारी कर रहे हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार, आमिर खान दो फरवरी को सितारे जमीन पर की शूटिंग शुरू करेंगे। अभिनेता फिल्म के प्री-प्रोडक्शन में गहराई से शामिल रहे हैं। अब उन्होंने अपनी भूमिका को गढ़ने के लिए महत्वपूर्ण समय समर्पित किया है और कई रीडिंग सेशन आयोजित किए हैं। आमिर खान आरएस प्रसन्ना के साथ सामाजिक नाटक के लिए सहयोग करेंगे, जहां उन्होंने प्रतिभाशाली जेनेलिया डिसूजा को मुख्य महिला कलाकार के रूप में लिया है। आमिर फिल्म के लिए 70 से 80 कार्य दिवस बाटेंगे। इसके साथ ही आमिर खान राजकुमार संतोषी द्वारा निर्देशित लाहौर- 1947 में सनी देओल के साथ अपना पहला सहयोग करेंगे। विभाजन युग की पृष्ठभूमि पर आधारित फिल्म की शूटिंग 12 फरवरी, 2024 को शुरू होने वाली है। प्रोडक्शन टीम ऐतिहासिक काल को प्रामाणिक रूप से फिर से बनाने के लिए मुंबई में सेट निर्माण शुरू कर दिया गया है।

### कब रिलीज होगी सितारे जमीन पर

यह फिल्म लंबे अंतराल के बाद राजकुमार संतोषी और सनी देओल के पुनर्मिलन का प्रतीक है। हालांकि, आमिर के लाहौर - 1947 में कैमियो भूमिका निभाने की अटकलें हैं, लेकिन आधिकारिक पुष्टि अभी भी बाकी है। आमिर खान के प्रोडक्शन हाउस की कई फिल्में एक साथ फ्लोर पर आने वाली हैं। बैनर के पास 2024 की पहली छमाही में रिलीज के लिए दो फिल्में हैं, पहली- किरण राव द्वारा निर्देशित लापता लेडीज और दूसरी- संजय मिश्रा की प्रीतम प्यारे। इस बीच आमिर खान ने पहले ही क्रिसमस 2024 में सितारे जमीन पर की रिलीज की घोषणा कर दी है, जिससे दर्शकों के बीच आमिर खान की फिल्मों के लिए उत्साह बढ़ गया है।



# उर्फी जावेद के कदमों पर चली अनन्या, ट्रोलर्स के निशाने पर आईं

एक्ट्रेस अनन्या पांडे हाल ही में पेरिस हॉटे काउचर वीक के लिए रनवे पर चलने के बाद सुर्खियां बटोर रही हैं। अनन्या ने डिजाइनर राहुल मिश्रा के लिए रैंप वॉक किया। बताया जा रहा है कि अनन्या इस शो में भारतीय डिजाइनर का प्रतिनिधित्व करने वाली सबसे कम उम्र की बॉलीवुड अभिनेत्री हैं। अनन्या को एक काले रंग के आउटफिट में देखा गया। अनन्या ने हाथ में एक गोल जाल सा ले रखा था, जिसमें एक ड्रेस बनी हुई थी। सामने से देखने पर ऐसा लग रहा था कि ड्रेस अनन्या ने पहन रखी है, जबकि असल में वो ड्रेस उस जाल पर ही बनी हुई थी। अनन्या ने बालों का बड़े करीने से जूड़ा बना रखा था। वह हाई हील्स में रैंप पर पूरे कॉन्फिडेंस के साथ चलती हुई नजर आईं। हालांकि अनन्या इस लुक की वजह से सोशल मीडिया पर ट्रोलिंग की शिकार हो गई हैं। कई लोग तो उनकी तुलना अटपटी ड्रेस पहनने के लिए मशहूर उर्फी जावेद से कर रहे हैं। अनन्या के वर्कफ्रंट पर नजर डालें तो उनकी पिछली फिल्म ओटीटी पर रिलीज हुई 'खो गए हम कहां' थी। अब वह विक्रमादित्य मोटवाने के डायरेक्शन वाली साइबर-थ्रिलर 'कंट्रोल' में नजर आएंगी।



# कंगना रनोट ने अनाउंस की इमरजेंसी की नई रिलीज डेट

कंगना रनोट की फिल्म इमरजेंसी की रिलीज डेट अनाउंस हो चुकी है। ये फिल्म 14 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। नई रिलीज डेट सामने आने से कार्तिक आर्यन की मुश्किलें बढ़ सकती हैं, क्योंकि उसी दिन उनकी भी फिल्म रिलीज होने वाली है। कंगना रनोट ने 23 जनवरी को सोशल मीडिया पर फिल्म इमरजेंसी की नई रिलीज डेट की घोषणा कर दी है। फिल्म के पोस्टर के साथ उन्होंने लिखा है, भारत के सबसे अंधेरे वक्त की कहानी अनलॉक करिए। अनाउंस कर रही हूं इमरजेंसी 14 जून 2024 को। इतिहास की सबसे खुंखार और उग्र प्राइम मिनिस्टर इंदिरा गांधी के सिनेमाघरों में गरजने के साक्षी बनिए। 14 जून 2024 इमरजेंसी सिनेमाघरों में। कार्तिक आर्यन जल्द ही कबीर खान के निर्देशन में बन रही फिल्म चंदू चैंपियन में नजर आने वाले हैं। इस फिल्म को 14 जून 2024 को ही रिलीज किया जाएगा। अब कंगना की फिल्म की नई रिलीज डेट से साफ है कि दोनों ही फिल्में बॉक्स ऑफिस पर एक साथ दस्तक देंगी। इस बॉक्स ऑफिस क्लैश से किसी एक फिल्म का नुकसान होने की संभावनाएं हैं।

### पोस्टपोन हो चुकी है इमरजेंसी

कंगना रनोट स्टारर इस फिल्म को पहले 24 नवंबर 2023 को रिलीज किया जाने वाला था। हालांकि बाद में इसे पोस्टपोन कर दिया गया था। अब फिल्म को 14 जून 2024 के लिए शेड्यूल किया गया है। फिल्म इमरजेंसी एक बायोग्राफिकल हिस्टोरिकल ड्रामा फिल्म है, जिसमें कंगना रनोट पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी का रोल प्ले कर रही हैं। इस फिल्म को खुद कंगना ने डायरेक्ट और प्रोड्यूस किया है। फिल्म की कहानी इमरजेंसी पर आधारित होगी। फिल्म में कंगना के साथ-साथ अनुपम खेर, श्रेयस तलपड़े, महिमा चौधरी और मिलिंद सोमन अहम किरदारों में हैं।



# करण की फिल्म से एक्टिंग डेब्यू करेंगे इब्राहिम, शुरू हुई रोमांटिक कॉमेडी फिल्म की शूटिंग

फिल्म द आर्चीज से डेब्यू करने के बाद अब खुशी कपूर करण जौहर के प्रोडक्शन में बनने वाली अपकमिंग फिल्म में नजर आने वाली हैं। इस फिल्म से सैफ अली खान के बेटे इब्राहिम अली खान भी नजर आएंगे। करण जौहर के प्रोडक्शन की इस फिल्म की शूटिंग भी शुरू हो चुकी है, जिसे नेटफ्लिक्स के लिए बनाया जा रहा है। 21 जनवरी से करण जौहर के प्रोडक्शन में बन रही अनटाइटल फिल्म की शूटिंग शुरू हो चुकी है। फिल्म की अनाउंसमेंट करते हुए करण जौहर ने खुद अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर शूटिंग की एक झलक दिखाई है। इस फिल्म को शोना गौतम डायरेक्ट करने वाली हैं, जो फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी में करण जौहर की असिस्टेंट डायरेक्टर रह चुकी हैं। नीतू कपूर ने भी शोना गौतम की तस्वीर शेयर करते हुए उन्हें बधाई दी है। बताते चलें कि खुशी कपूर ने बीते साल नेटफ्लिक्स की फिल्म द आर्चीज से एक्टिंग करियर की शुरुआत की है, जिसके बाद ये उनकी दूसरी फिल्म होने वाली है। वहीं इब्राहिम अली खान, पहले ही करण जौहर के प्रोडक्शन में बन रही फिल्म सरजमीं का हिस्सा हैं, जिससे वो एक्टिंग डेब्यू करेंगे। इब्राहिम की इस फिल्म में काजोल भी अहम किरदार में होने वाली हैं।

# बोमन ईरानी को मिलेगा विशेष सम्मान

मुन्ना भाई फेंचाइजी, 3 इडियट्स, खोसला का घोसला और अन्य फिल्मों के लिए जाने जाने वाले एक्टर बोमन ईरानी को भारतीय सिनेमा में उनके योगदान के लिए ब्रिटिश संसद द्वारा एक विशेष सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। एक्टर को ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी और लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स में एक विशेष स्पीकर के रूप में भी आमंत्रित किया गया है। बोमन ईरानी 24 जनवरी को अपने परिवार के साथ कार्यक्रमों के लिए लंदन जाएंगे। 25 जनवरी को वह भाषण देंगे। इस यादगार उपलब्धि के साथ, बोमन ईरानी अब शाहरुख खान और शशि थरूर के नक्शेकदम पर चलते हुए ऑक्सफोर्ड में सम्मानित वक्ताओं की श्रेणी में शामिल हो गए हैं। बोमन ईरानी ने इस अवसर और सम्मान के लिए आभार व्यक्त किया। एक्टर ने कहा, ऐसे सम्मानित ग्लोबल मंचों पर भारत का प्रतिनिधित्व करना और यह मान्यता प्राप्त करना वास्तव में विनम्र भावना पैदा करता है। खासतौर पर इसलिए क्योंकि इस संतुष्टिदायक पल का गवाह बनने के लिए मेरा परिवार मेरे साथ मौजूद रहेगा। एक्टर ने आगे कहा, मैं अपने जीवन के अनुभवों और अपने दो दशक के करियर के दौरान प्राप्त ज्ञान को अन्य प्रतिभाशाली लोगों के साथ साझा करने के लिए उत्सुक हूं। भारत के एक टुकड़े को अपने साथ ले जाते हुए, मैं इस अवसर के लिए वास्तव में आभारी हूं। बोमन ईरानी को हाल ही में शाहरुख खान अभिनीत फिल्म डंकी में देखा गया था जो पिछले महीने रिलीज हुई थी। यह फिल्म अवैध आप्रवासन के विषय को छूती है। दोनों इससे पहले मैं हूं ना और हैप्पी न्यू ईयर जैसी फिल्मों में काम कर चुके हैं।



# गौतमबुद्धनगर में लिंगानुपात 804 से बढ़कर हुआ 816

## कुल मतदाताओं की संख्या हुई 18 लाख 30 हजार

**नोएडा ( चेतना मंच )।** जनपद गौतमबुद्धनगर में अब कुल मतदाताओं की संख्या 1.83 मिलियन यानी 18 लाख 30 हजार हो गयी है। इसमें नोएडा



विधानसभा क्षेत्र में मतदाताओं की संख्या 761000, दादरी विधानसभा क्षेत्र में 704000 तथा जेवर विधानसभा में 367000 हो गयी है। जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष वर्मा ने बताया कि संक्षिप्त पुर्ननिरीक्षण के दौरान 151071 नये मतदाता जुड़े हैं। उन्होंने बताया कि इस दौरान तीनों विधानसभ क्षेत्रों में 18-19 आयु वर्ग के 24233 मतदाता शामिल हुए हैं। इस दौरान नाम बदलने को लेकर 55373 आवेदन प्राप्त हुए थे जिसमें 53441 स्वीकार किए गए। नाम विलोपित करने के लिए 75823 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें 74100 स्वीकृत किए गए।श्री वर्मा ने बताया कि इस दौरान जनपद में लिंग का अनुपात 804 से बढ़कर 816 हो गया है। इससे स्पष्ट है कि मतदाता पुनरीक्षण के लिए महिलाओं ने अधिक संख्या में आवेदन किया।

# भारतीय जनता युवा मोर्चा की संगठनात्मक बैठक आयोजित

**नोएडा ( चेतना मंच )।** भारतीय जनता युवा मोर्चा नोएडा महानगर ने नमो नव मतदाता सम्मेलन के निमित्त भाजपा जिला कार्यालय सेक्टर-116 में भाजयुमो नोएडा महानगर जिला अध्यक्ष रामनिवास यादव के नेतृत्व में संगठनात्मक बैठक का आयोजन किया।

बैठक में मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश भाजयुमो प्रदेश मंत्री अंजलि चौहान उपस्थित रही। अंजलि चौहान ने सभी कार्यकर्ताओं को व्यक्तिगत रूप से नव मतदाताओं से संपर्क कर 25 जनवरी को नोएडा महानगर में चार कॉलेजों में आयोजित किए जाने वाले नमो नव मतदाता सम्मेलन में नव मतदाताओं की अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने का आवाहन किया। भाजपा युवा मोर्चा नोएडा में राजकीय डिग्री कॉलेज सेक्टर-39, महर्षि विश्वविद्यालय महर्षीनगर, डीएमई कॉलेज सेक्टर-62 तथा एवीयर कॉलेज सेक्टर-62 में 25 जनवरी को नमो नव मतदाता सम्मेलन




आयोजित करेगा।

25 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश मे 5000 स्थानों पर नव मतदाताओं को संबोधित करेंगे जिसमें उत्तर प्रदेश मे 403 विधान सभाओं में 806 स्थानों पर नमो नव मतदाता सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है जिसमें सभी स्थानों पर प्रधानमंत्री मोदी के संबोधन का लाइव प्रसारण किया जायेगा।

कार्यक्रम में जिला महामंत्री मोहित शर्मा, अनुज प्रधान, नवीन मिश्रा, राजू पंडित, अर्पित मिश्र, नरेंद्र जोगी, सत्यम सिंह, रितेश वर्मा, कपिल धारिवाल, उत्कर्ष मिश्रा, वरुण यादव, रोहित शर्मा, ललित शर्मा, रवि वाल्मीकि, शिवम शर्मा, लेखराज बेनिवाल, शुभम सिसोदिया, रोहित ठाकुर, रविंद्र नागर इत्यादि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# नोएडा में सड़कों पर पुलिस खंगाले होटल और शॉपिंग मॉल

**नोएडा ( चेतना मंच )।** पिछले दो दिनों से नोएडा कमिश्नरेट पुलिस शाम ढलते ही सड़कों पर उतर रही है। नोएडा कमिश्नरेट के बड़े अफसर भी सड़कों पर गस्त करते हुए नजर आते हैं। इसी क्रम में बुधवार की रात भी नोएडा पुलिस कमिश्नरेट के बड़े अफसर और कई थानों की पुलिस सड़कों पर



नजर आई। पुलिस अधिकारियों ने जहां होटल खंगाले, वहीं दूसरी ओर शॉपिंग माल और मेट्रो स्टेशनों की चेकिंग की।

आपको बता दें कि शुक्रवार को पूरे देश में राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस मनाया जाना है। गणतंत्र दिवस पर्व को सकुशल संपन्न कराने के लिए नोएडा (गौतमबुद्धनगर) कमिश्नरेट पुलिस अलर्ट मोड़ पर है। पिछले कई दिनों से रोजाना पुलिस के छोटे से लेकर बड़े अधिकारी सड़कों पर गश्त तो कर ही रहे हैं, साथ ही संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की तलाशी भी ले रहे हैं। नोएडा और ग्रेटर नोएडा समेत पूरे जनपद में होटल, ओयो होटल, शापिंग मॉल और मेट्रो स्टेशनों की जांच पड़ताल की जा रही है।

इसी क्रम में पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह के निर्देशानुसार गणतंत्र दिवस के दृष्टिगत अपर पुलिस आयुक्त कानून/व्यवस्था शिवहरि मीणा के पर्यवेक्षण व सभी जोन के डीसीपी/एडीसीपी के नेतृत्व में जनपद के सभी बॉर्डर व थाना क्षेत्रों में पुलिस बल, बीडीडीएस टीम के साथ सघन चेकिंग अभियान चलाया। सभी भीड़भाड़ वाले स्थानों, मेट्रो स्टेशन, ओयो होटल, महत्वपूर्ण चौराहों व आस-पास के स्थानों पर पुलिस द्वारा चेकिंग की गई। सीसीटीवी के माध्यम से नजर रखी जा रही है। अन्य जनपदों बॉर्डर के आस-पास संदिग्ध प्रतीत हो रहे वाहनों को रोककर उनकी तलाशी ली गई।

# आज से यमुना और नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेस-वे पर नो एंट्री

**नोएडा ( चेतना मंच )।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पड़ोसी जनपद बुलंदशहर में आगमन और गणतंत्र दिवस को लेकर नोएडा कमिश्नरेट पुलिस ने यमुना एक्सप्रेसवे और नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेस-वे पर अगले दो दिन तक कुछ वाहनों का संचालन बंद कर दिया गया है। इसके लिए नोएडा यातायात पुलिस द्वारा बकायदा दिशा-निर्देश जारी किए हैं।

नोएडा पुलिस कमिश्नरेट में तैनात डीसीपी ट्रैफिक अनिल यादव ने बताया कि 25 जनवरी यानि आज पड़ोसी जनपद बुलंदशहर में पीएम मोदी समेत कई अन्य वीआईपी लोगों का आगमन हो रहा है। इसके अलावा 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के मौके पर आमजन को सुगम एवं सुचारू यातायात व्यवस्था प्रदान किए जाने के उद्देश्य से निर्देश जारी किए गए हैं। इनमें यमुना व नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेस-वे पर सभी मालवाहक वाहनों की नो एंट्री रहेगी।

यह आदेश आज सुबह सात बजे से 26 जनवरी 2024 को दिल्ली में होने वाले कार्यक्रम की समाप्ति तक लागू रहेगा। इस दौरान इमरजेंसी एवं आवश्यक सेवा में लगे वाहनों को छूट मिलेगी। यमुना एक्सप्रेस-वे व नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेस-वे पर समस्त मालवाहक वाहनों की नो-एन्ट्री रहेगी।

## इन वाहनों को मिलेगी छूट

- एलपीजी/सीएनजी/पैट्रोलियम पदार्थ वाहन
- भारतीय खाद्य निगम/सार्वजनिक वितरण प्रणाली के साधन में लगे हुए वाहन।
- दूध/ब्रेड वाहन।
- नोएडा/ग्रेटरनोएडा/यमुना विकास प्राधिकरण द्वारा विभिन्न कार्यों हेतु संचालित वाहन।
- शिक्षा विभाग की परीक्षा सामग्री में लाने व ले जाने में लगे वाहन।

**नोट : नो-एन्ट्री समय में प्रतिबन्धित मार्गों पर प्रतिबन्धित वाहनों के आवागमन करने पर नियमानुसार विधिक कार्यवाही की जायेगी।**

# लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुटें कांग्रेसी : अविनाश पांडये



**नोएडा ( चेतना मंच )।** कांग्रेस के नेता व उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य यतेन्द्र शर्मा ने दिल्ली में कांग्रेस पार्टी के AICC कार्यालय पर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय महासचिव व उत्तर प्रदेश के नवनियुक्त प्रभारी अविनाश पांडये से मुलाकात कर चादर उड़ाकर व पटका पहनाकर बधाई दी और आने वाले लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर,संगठन को लेकर राजनीतिक चर्चा की।

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय महासचिव व उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रभारी अविनाश पांडये ने कहा कि कांग्रेस के कार्यकर्ता व नेताओं का सम्मान हमारे लिए सबसे पहले है। लोकसभा चुनाव आने वाला है उसकी तैयारी में जुट जाएं। इस बार गौतमबुद्धनगर लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस पार्टी के कर्मठ जुझारू संघर्षशील पुराने कार्यकर्ता को ही चुनाव लड़ाया जायेगा। कांग्रेस पार्टी के नेता व कार्यकर्ता का सम्मान पहले है।

# नोएडा प्राधिकरण में 227 पदों के लिए निकाली गई वैकेंसी की गई रद्द

**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा प्राधिकरण द्वारा पिछले हफ्ते 227 पदों को भरने के लिए सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लिए निकाली गई वैंकेंसी फिलहाल रदद कर दी गयी है।

नोएडा
एक उत्कृष्ट क्षेत्र

अब नए संशोधनों के बाद इस वैंकेंसी को दुबारा निकाला जाएगा।

नोएडा प्राधिकरण के अधिकारिक सूत्रों ने बताया कि कार्यहित में सेवानिवृत्त समूह क, ख एवं ग के समतुल्य विभिन्न पदों पर नौकरी दी जाएगी। इनमें एक डिप्टी कलेक्टर, 5 तहसीलदार, 13 उद्यान निरीक्षक, 9 सफाई निरीक्षक, 6 लेखपाल, 6 कानूनगो एवं 2 वरिष्ठ सहायक सहित 227 कार्मिकों को निश्चित अवधि के लिए अनुबंध पर रखा जाना था। लेकिन, इसे फिलहाल कैंसिल कर दिया गया है। नोएडा अथॉरिटी में जो भी खाली पड़े पद हैं, उन्हें भरने के लिए जल्द एक बैठक की जाएगी। कुछ नए नियम बनाए जाएंगे। इसके बाद नियुक्ति की जाएगी।

जानकारी के मुताबिक सेवानिवृत्ति के बाद कर्मचारी रिटायर होने के बाद पूरी तरह से स्वस्थ होना चाहिए। इसके लिए मुख्य चिकित्सा अधिकारी से पूरी तरह से स्वस्थ होने का प्रमाण पत्र देना होगा। आवेदन करने वाले अधिकारी को सह-शपथ पत्र देना पड़ेगा, जिसमें लिखा हो कि उसके ऊपर दस साल में नौकरी के दौरान किसी भी तरह की जांच अथवा दंड नहीं मिला हो। इसके लिए नोटेरी शपथ पत्र प्रस्तुत करना होगा। यह भी शपथ पत्र देना होगा कि नोएडा प्राधिकरण में उसका कोई सगा संबंधी नौकरी या ठेकेदारी तो नहीं करता है। इन संशोधनों के बाद ही इस वैंकेंसी को दुबारा जारी किया जाएगा।

# सेक्टर-20 में किया गया श्रीमद्भागवत गीता पाठ का आयोजन

**नोएडा ( चेतना मंच )।** डी ब्लॉक रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन (पंजीकृत) सेक्टर-20, नोएडा एवं अमृतवाणी कीर्तन मंडली, सेक्टर-20, नोएडा द्वारा अयोध्या में श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के उपलक्ष्य में डी ब्लाक पार्क में महिलाओं द्वारा श्रीमद्भागवद गीता पाठ एवं कीर्तन का आयोजन किया गया। इस धार्मिक कार्यक्रम में बड़ी संख्या में सेक्टर की महिलाओं व पुरूषों ने हिस्सा लिया।

आरडब्ल्यूए के अध्यक्ष विद्या सागर विरमानी ने बताया कि सेक्टरवासियों ने पूरे श्रद्धाभाव व हर्षोल्लास के साथ श्रीराम लला का प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव मनाया। इस अवसर पर सेक्टर में भी कई धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। धार्मिक कार्यक्रमों के समापन के पश्चात उपस्थित लोगों के बीच प्रसाद का भी वितरण किया गया।

कार्यक्रम में अमृतवाणी कीर्तन मंडली की श्रीमती कांता कालिया, मंजू शर्मा, कविता रोहतगी, उषा विरमानी, नीलम रावत, अलका निगम, प्रेम शर्मा, एस पी सिंह, वीके मेहरा, के सी गोयल, एस एस शर्मा भी मौजूद रहे।

